यूथ कॉम्पिटिशन टाइम्स कृत

# केन्द्रीय चयन पर्षद सिपाही भर्ती
# बिहार पुलिस एवं बिहार सशस्त्र पुलिस

# चालक सिपाही

# CONSTABLE DRIVER

# प्रैक्टिस बुक


**प्रधान सम्पादक**

Anand K. Mahajan

**लेखन सहयोग**

परीक्षा विशेषज्ञ समिति

**कम्प्यूटर ग्राफिक्स**

बालकृष्ण, पंकज कुशवाहा

**संपादकीय कार्यालय**

**12, चर्च लेन, प्रयागराज-211002**

**9415650134**

**Email : yctap12@gmail.com**

**website : www.yctbooks.com/www.yctfastbook.com/www.yctbooksprime.com**



**© All Rights Reserved with Publisher**



**प्रकाशन घोषणा**

प्रधान सम्पादक एवं प्रकाशक आनन्द कुमार महाजन ने E:Book by APP Youth Prime BOOKS, से मुद्रित करवाकर, वाई.सी.टी. पब्लिकेशन प्रा.लि., 12, चर्च लेन, प्रयागराज-211002 के लिए प्रकाशित किया।



इस पुस्तक को प्रकाशित करने में सम्पादक एवं प्रकाशक द्वारा पूर्ण सावधानी बरती गई है फिर भी किसी त्रुटि के लिए आपका सुझाव और सहयोग सादर अपेक्षित है।

**किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र प्रयागराज होगा।**

## विषय सूची

■ प्रैक्टिस सेट-1 ........ 3-12
■ प्रैक्टिस सेट-2 ........ 13-23
■ प्रैक्टिस सेट-3 ........ 24-33
■ प्रैक्टिस सेट-4 ........ 34-42
■ प्रैक्टिस सेट-5 ........ 43-52
■ प्रैक्टिस सेट-6 ........ 53-62
■ प्रैक्टिस सेट-7 ........ 63-72
■ प्रैक्टिस सेट-8 ........ 73-82
■ प्रैक्टिस सेट-9 ........ 83-93
■ प्रैक्टिस सेट-10 ........ 94-103
■ प्रैक्टिस सेट-11 ........ 104-114
■ प्रैक्टिस सेट-12 ........ 115-125
■ प्रैक्टिस सेट-13 ........ 126-135
■ प्रैक्टिस सेट-14 ........ 136-146
■ प्रैक्टिस सेट-15 ........ 147-157
■ प्रैक्टिस सेट-16 ........ 158-167
■ प्रैक्टिस सेट-17 ........ 168-178
■ प्रैक्टिस सेट-18 ........ 179-189
■ प्रैक्टिस सेट-19 ........ 190-199
■ प्रैक्टिस सेट-20 ........ 200-210
■ प्रैक्टिस सेट-21 ........ 211-219
■ प्रैक्टिस सेट-22 ........ 220-229
■ प्रैक्टिस सेट-23 ........ 230-238
■ प्रैक्टिस सेट-24 ........ 239-247
■ प्रैक्टिस सेट-25 ........ 248-256

**बिहार सरकार**
**गृह विभाग (आरक्षी शाखा),**
**केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती)**
**05, हार्डिंग रोड, पटना 800001**

बिहार पुलिस चालक संवर्ग नियमावली, 2017 (समय-समयर पर यथा संशोधित) के नियम 5(4) के अनुसार - बिहार पुलिस में चालक सिपाही पद पर आयोजित की जाने वाली ''लिखित परीक्षा'' का पाठ्यक्रम निम्नवत है -

## पाठ्यक्रम

1. **सामान्य ज्ञान एवं समसामयिक मुद्दों से संबंधित 60 प्रतिशत प्रश्न,**
2. **मोटर अधिनियम एवं अन्य सुसंगत नियमावली के अधीन तथा यातायात के चिह्नों और संकेतों से संबंधित 20 प्रतिशत प्रश्न, और**
3. **विभिन्न गाड़ियों के पार्ट-पुर्जे, लुब्रिकेटिंग और रख-रखाव इत्यादि के सामान्य ज्ञान तथा वाहनों में आने वाली यांत्रिक एवं तकनीकि त्रुटियों से संबंधित 20 प्रतिशत प्रश्न पूछे जायेंगे।**

# PRACTICE SET - 1

**सामान्य ज्ञान एवं समसामयिक मुद्दे**

**1. नैसकॉम (NASSCOM) के वर्तमान अध्यक्ष कौन है?**
(a) किरण कार्तिक (b) लक्ष्मी नारायण
(c) सिंधु गंगाधरन (d) मनोज सिंह

**2. IPL (क्रिकेट) का आरंभ कब हुआ?**
(a) 2000 (b) 2005
(c) 2008 (d) 2010

**3. अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन का मुख्यालय स्थित है?**
(a) जेनेवा में (b) वाशिंगटन में
(c) रोम में (d) पेरिस में

**4. राष्ट्रीय मतदाता दिवस किस तिथि को मनाया जाता है–**
(a) 27 नवम्बर (b) 25 जनवरी
(c) 28 फरवरी (d) 25 मार्च

**5. भारत रत्न विजेता, भूपेन हजारिका निम्नलिखित क्षेत्रों में से किस से सम्बन्धित है?**
(a) कला (b) खेल
(c) राजनीति (d) अर्थशास्त्र

**6. प्राचीन लिच्छवी राज्य की राजधानी थी–**
(a) पाटलिपुत्र (b) नालन्दा
(c) वैशाली (d) गया

**7. पटना उच्च न्यायालय, (बिहार प्रांत का उच्च न्यायालय) स्थापित किया गया था–**
(a) 3 फरवरी, 1917 (b) 3 फरवरी, 1916
(c) 3 फरवरी, 1920 (d) 6 फरवरी, 1918

**8. जनगणना 2011 के अनुसार भारत में किस राज्य में जनसंख्या घनत्व सर्वाधिक था?**
(a) बिहार (b) पश्चिम बंगाल
(c) केरल (d) उत्तर प्रदेश

**9. सॉल्क टीका किसके लिए होता है?**
(a) टायफॉइड (b) टिटेनस
(c) मलेरिया (d) पोलियो

**10. जब कोई व्यक्ति भूखा होता है, तो व्यक्ति सबसे पहले जिस चीज का उपयोग करता है, वह _____ है।**
(a) ग्लाइकोजन (b) वसा
(c) रुधिर प्रोटीन (d) पेशीय प्रोटीन

**11. आँख और उसके रोगों से संबंधित चिकित्साशास्त्र ( medicine ) की शाखा को क्या कहा जाता है?**
(a) ऑन्कोलोजी (b) ऑप्टोमेट्री
(c) ओडोंटोलोजी (d) ओफ्थैलमॉलॉजी

**12. निम्न में से कौन-सा खाने के नमक के नाम से जाना जाता है?**
(a) CaO (b) $AICl_3$
(c) $MgCl_2$ (d) NaCI

**13. रदरफोर्ड प्रकीर्णन प्रयोग में अल्फा कणों का स्रोत क्या था–**
(a) फोटॉन नाभिक (b) प्रोटान नाभिक
(c) हीलियम नाभिक (d) क्रिप्टान नाभिक

**14. पदार्थ का घनत्व अधिकतम होता है–**
(a) न्यूक्लीयस में (b) परमाणु में
(c) अणु में (d) ठोस क्रिस्टल में

**15. लघुपथन के समय करंट का मान-**
(a) घटता है
(b) बढ़ता है
(c) एक समान रहता है
(d) पहले बढ़ता है, फिर घटता है

**16. बरसात की बूँदों का गोल आकार होता है**
(a) श्यानता के कारण
(b) सतही तनाव (पृष्ठ तनाव) के कारण
(c) घर्षण के कारण
(d) लोच के कारण

**17. किस रंग का तरंगदैर्ध्य सबसे अधिक होता है?**
(a) सफेद (b) बैंगनी
(c) पीला (d) लाल

**18. ओडोमीटर किसका मापक है-**
(a) चाल (b) दूरी
(c) ध्वनि (d) इनमें से कोई नहीं

**19. 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' योजना किस वर्ष प्रारम्भ की गई थी?**
(a) 2014 (b) 2016 (c) 2019 (d) 2015

**20. दस लाख से अधिक आबादी वाले निम्नलिखित में से किस शहर की जनसंख्या न्यूनतम है?**
(a) दिल्ली (b) बंगलुरु
(c) मुम्बई (d) पटना

**21. निम्नलिखित में से प्रत्यक्ष कर कौन-सा है?**
(a) आयकर (b) उत्पादन कर
(c) चुंगी कर (d) बिक्री कर

**22. SIDBI का पूरा नाम क्या है?**
(a) Small Industries Development Bank of India
(b) Small Industrial Development
(c) Small Institute Development Bank
(d) इनमें से कोई नहीं

**23. ज्ञान दीपक नामक पुस्तक की रचना किस महान संत ने की थी?**
(a) सालार मसूद ग़ाज़ी (b) दरिया साहेब
(c) इमाम शाह फक़ीह (d) उपर्युक्त में से एक से अधिक

**24. भारत का सबसे बड़ा बंदरगाह कौन है?**
(a) कोचीन (b) कोलकाता
(c) मुम्बई (d) चेन्नई

**25. बैलाडीला लौह अयस्क खान किस राज्य में है?**
(a) ओडिशा (b) झारखण्ड
(c) पश्चिम बंगाल (d) छत्तीसगढ़

**26. बिहार में तुर्क सत्ता का वास्तविक संस्थापक कौन था?**
(a) मलिक हुसामुद्दीन (b) इब्न बख्तियार खिलजी
(c) इब्राहिम (d) दरिया खाँ नूहानी

**27. 1530 में दक्षिण बिहार का वास्तविक शासक कौन बना?**
(a) बहार खाँ लोहानी (b) जलाल खाँ
(c) शेर खाँ (d) नारिस खाँ लोहानी

**28. भारत का देशांतर विस्तार कितना है?**
(a) 68°7' – 97°25' पूर्वी देशान्तर
(b) 67°8' – 95°25' पूर्वी देशान्तर
(c) 67°8' – 97°25' पूर्वी देशान्तर
(d) 77°8' – 96°25' पूर्वी देशान्तर

**29. वनस्पति, जो विषुवत रेखीय वनों से संबंधित नही है, वह है-**
(a) महोगनी (b) रोजवुड (c) अकेसिया (d) आयरनवुड

**30. बिहार में वहाबियों की गतिविधियों का मुख्य केन्द्र कौन-सा था?**
(a) जगदीशपुर (b) चम्पारण
(c) पटना (d) उपर्युक्त में से एक से अधिक

**31. निम्नलिखित में से कौन-सा जापान की मुद्रा का नाम है:**
(a) युआन (b) येन (c) लीरा (d) पेसो

**32. वायुमंडल में सर्वाधिक कौन-सी गैस है?**
(a) नाइट्रोजन (b) ऑक्सीजन
(c) कार्बन डाइऑक्साइड (d) हीलियम

**33. किस ग्रह को नीला ग्रह कहा जाता है।**
(a) पृथ्वी (b) शनि (c) अरुण (d) वरुण

**34. पंचायती राज पर अशोक मेहता समिति की स्थापना कब की गई?**
(a) 1977 (b) 1976 (c) 1972 (d) 1978

**35. पहला लोकायुक्त किस राज्य में नियुक्त हुआ था?**
(a) पश्चिम बंगाल (b) महाराष्ट्र
(c) बिहार (d) राजस्थान

**36. संविधान में सशस्त्र विद्रोह किस संविधान संशोधन के अंतर्गत जोड़ा गया है?**
(a) 45वें (b) 44वें (c) 48वें (d) 49वें

**37. राष्ट्रीय आपातकाल के दौरान अनुच्छेद-19 किस अनुच्छेद के तहत निलंबित किया जाता है?**
(a) 356 (b) 358 (c) 360 (d) 361

**38. भारत में पंचायती राज संस्थाओं की स्थापना संवैधानिक निर्देशानुसार हुई-**
(a) संघवाद के (b) प्रस्तावना के
(c) नीति निदेशक सिद्धान्तों के (d) मौलिक अधिकारों

**39. भारत में न्यायपालिका है?**
(a) स्वतंत्र (b) संसद के अधीन
(c) अधीनस्थ न्यायालय (d) निर्वाचन आयोग

**40. अंतर्राज्यीय परिषद का सदस्य नहीं होता है–**
(a) राज्यपाल (b) राज्यों के मुख्यमंत्री
(c) प्रधानमंत्री (d) कैबिनेट स्तर के मंत्री

**41. स्वतन्त्र भारत के प्रथम कानून मंत्री कौन थे?**
(a) चक्रवर्ती राजगोपालचारी (b) बी. एन. राव
(c) डॉ. बी. आर. अम्बेडकर (d) मेहरचन्द्र महाजन

**42. भारतीय संविधान के कौन-से भाग में कल्याणकारी राज्य की संकल्पना है?**
(a) प्रस्तावना
(b) न्यायिक पुनरावलोकन
(c) मूल अधिकार
(d) राज्य के नीति निदेशक तत्व

**43. संविधान सभा के प्रथम स्थायी अध्यक्ष कौन थे?**
(a) सच्चिदानन्द सिन्हा (b) राजगोपालाचारी
(c) भीम राव अम्बेडकर (d) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद

**44. भारत की गुटनिरपेक्षता की विदेश नीत के जन्मदाता कौन थे?**
(a) जवाहरलाल नेहरू (b) इन्दिरा गाँधी
(c) अटल बिहारी वाजपेयी (d) महात्मा गाँधी

**45. 1861 के भारतीय परिषद अधिनियम के समय वायसराय कौन थे?**
(a) लॉर्ड कैनिंग (b) लार्ड एल्गिन
(c) लॉर्ड लॉरेंस (d) लार्ड नार्थबुक

**46. मंगल पांडे किस राज्य के थे?**
(a) बिहार (b) पश्चिम बंगाल
(c) उत्तर प्रदेश (d) पंजाब

**47. श्रीरंगपट्टनम् की संधि कब हुई थी?**
(a) 1790 ई० (b) 1792 ई०
(c) 1799 ई० (d) 1797 ई०

**48. पूर्वी द्वीप समूह की खोज किस पुर्तगाली नाविक ने की?**
(a) अमेरिगो (b) वास्को-डि-गामा
(c) मार्कोपोलो (d) कोलम्बस

**49. दिल्ली के लाल किले में स्थित मोती मस्जिद को किसने बनवाया था?**
(a) शेरशाह (b) औरंगजेब
(c) बहादुरशाह जफर (d) शाहजहाँ

**50. शेरशाह के बचपन का नाम क्या था?**
(a) फरीद (b) सलीम (c) रहीम (d) मुरीद

**51. अकबर के 1567 ई. में चित्तौड़ आक्रमण के समय वहाँ का शासक था–**
(a) अमर सिंह (b) महाराणा प्रताप
(c) उदय सिंह (d) राणा सांगा

**52. 'अलाई दरवाजा' किसके शासनकाल में बना था?**
(a) फिरोजशाह तुगलक (b) कुतुबुद्दीन-ऐबक
(c) अलाउद्दीन खिलजी (d) सैय्यद लोदी

**53. प्रथम तराइन युद्ध में पृथ्वीराज चौहान ने किसको पराजित किया?**
(a) मोहम्मद गोरी (b) बलबन
(c) अलाउद्दीन खिलजी (d) फिरोज शाह तुगलक

**54. तंजौर का राजराजेश्वर मंदिर किसने बनवाया?**
(a) राजराज द्वितीय (b) राजेन्द्र प्रथम
(c) राजेन्द्र द्वितीय (d) राजराज प्रथम

**55. वर्द्धमान महावीर का जन्म कब हुआ था?**
(a) 540 ई०पू० (b) 562 ई०पू०
(c) 440 ई०पू० (d) 468 ई०पू०

**56. मान्यता अनुसार महाभारत की लड़ाई कुरुक्षेत्र में कितने दिन तक लड़ी गई थी?**
(a) 14 दिन (b) 16 दिन (c) 18 दिन (d) 21 दिन

**57. सिंधु घाटी सभ्यता के लोग पूजा करते थे–**
(a) ब्रह्मा की (b) विष्णु की
(c) पशुपति की (d) इन्द्र और वरूण की

**58. 'नियोलिथिक' का अर्थ क्या है?**
(a) पुरा-पाषाण काल (b) मध्य-पाषाण काल
(c) नव-पाषाण काल (d) वृद्धा अवस्था

59. **वैश्विक अनुमोदन रेटिंग 2025 में कितने प्रतिशत अनुमोदन के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शीर्ष पर है?**
(a) 65% (b) 70% (c) 75% (d) 80%

60. **मई, 2025 में 22वां 'भारत टेलीकॉम-2025' का आयोजन कहां किया गया?**
(a) गांधीनगर (b) अहमदाबाद
(c) नई दिल्ली (d) गुरुग्राम

## मोटर वाहन अधिनियम एवं नियमावली तथा यातायात नियम एवं संकेत

61. **एक प्रशिक्षु अनुज्ञप्ति की वैधता रहती है–**
(a) प्रशिक्षु अनुज्ञप्ति जारी होने की दिनांक से 2 मास की अवधि तक
(b) प्रशिक्षु अनुज्ञप्ति जारी होने की दिनांक से 3 मास की अवधि तक
(c) प्रशिक्षु अनुज्ञप्ति जारी होने की दिनांक से 4 मास की अवधि तक
(d) प्रशिक्षु अनुज्ञप्ति जारी होने की दिनांक से 6 मास की अवधि तक

62. **सीधी ढलाई के लिए यातायात चिन्ह है–**
(a)  (b) 
(c)  (d) 

63. **घाट या नदी के किनारे को प्रदर्शित करता है?**
(a)  (b) 
(c)  (d) 

64. **इस ट्रैफिक पुलिस के हाथों के इशारों का क्या मतलब है?**



(a) आगे से आते वाहनों को रोकने के लिए
(b) आगे और पीछे दोनों ओर से आने वाले वाहनों को रोकने के लिए
(c) पीछे से आते वाहनों को रोकने के लिए
(d) बायीं ओर से आकर दायीं तरफ मुड़ने वाले वाहनों को रोकने के लिए

65. **भारत में मोटर वाहन के स्थाई पंजीकरण के लिए आवेदन के साथ क्या आवश्यक नहीं है**
(a) सड़क योग्यता प्रमाण पत्र
(b) पते का प्रमाण
(c) मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र
(d) प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण पत्र

66. **जब आप रात को शहर में वाहन चला रहे हो, तो आपके वाहन की हैड लाईट होगी–**
(a) सभी लाईटें बंद कर देंगे (b) हाई बीम
(c) लो बीम (d) सभी लिए ओपन का देंगे

67. **ड्राईविंग लाइसेन्स की वैद्यता होती है–**
(a) केवल उसी संभाग में (b) केवल उसी जिले में
(c) केवल उसी राज्य में (d) पूरे देश में

68. **बिहार मोटर वाहन नियमावली, 1992 के अनुसार, 'लाइसेंसिंग प्राधिकारी' (Licensing Authority) कौन होता है?**
(a) जिला मजिस्ट्रेट (b) जिला परिवहन पदाधिकारी
(c) पुलिस अधीक्षक (d) राज्य परिवहन आयुक्त

69. **एक नए गैर-परिवहन (Non-Transport) वाहन का पंजीकरण प्रारम्भ में कितने वर्षों के लिए वैध होता है?**
(a) 10 वर्ष (b) 15 वर्ष
(c) 20 वर्ष (d) आजीवन

70. **शिक्षार्थी लाइसेंस (Learner's Licence) जारी होने की तारीख से कितने समय तक प्रभावी रहता है?**
(a) 3 महीने (b) 6 महीने
(c) 1 साल (d) 2 साल

71. **केंद्रीय मोटर वाहन नियम, 1989 के किस नियम में 'अनुकूलन' (Adaptation) की परिभाषा दी गई है, जिसका उपयोग विकलांग व्यक्तियों द्वारा चलाए जाने वाले वाहनों के लिए होता है?**
(a) नियम 2(a) (b) नियम 2(b)
(c) नियम 2(c) (d) नियम 2(d)

72. **केंद्रीय मोटर वाहन नियम, 1989 के अनुसार, यदि कोई व्यक्ति अपनी आयु प्रमाणित करने के लिए जन्म प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं कर सकता है, तो वह किस दस्तावेज़ का उपयोग कर सकता है?**
(a) स्कूल छोड़ने का प्रमाण पत्र (School Leaving Certificate)
(b) पैन कार्ड (PAN Card)
(c) आधार कार्ड (Aadhaar Card)
(d) केवल न्यायिक मजिस्ट्रेट का हलफनामा

73. **एक नया मोटर वाहन खरीदने पर, डीलर द्वारा जारी किया गया 'अस्थायी पंजीकरण' (Temporary Registration) फॉर्म नंबर 21 के साथ कितने दिनों के लिए वैध होता है?**
(a) 7 दिन (b) 15 दिन
(c) 30 दिन (d) 60 दिन

74. **मोटर वाहन अधिनियम, 1988 का मुख्य उद्देश्य क्या है?**
(a) सड़क परिवहन, वाहनों के पंजीकरण, चालन लाइसेंस और संबंधित मामलों को समेकित करना
(b) केवल वाहनों के निर्माण को विनियमित करना
(c) केवल सड़क सुरक्षा नियमों को लागू करना
(d) केवल मोटर वाहन बीमा को अनिवार्य करना

75. **मोटर वाहन अधिनियम, 1988 के अनुसार, सार्वजनिक स्थान पर परिवहन वाहन (Transport Vehicle) चलाने के लिए न्यूनतम आयु क्या है?**
(a) 16 वर्ष (b) 20 वर्ष
(c) 18 वर्ष (d) 21 वर्ष

76. **यदि कोई व्यक्ति बिना वैध ड्राइविंग लाइसेंस के सार्वजनिक स्थान पर मोटर वाहन चलाता है, तो संशोधित मोटर वाहन अधिनियम के तहत उस पर कितना जुर्माना लग सकता है?**
(a) ₹ 10,000 (b) ₹ 1,000
(c) ₹ 5,000 (d) ₹ 500

**77. 100 मिली. रक्त में एल्कोहल की कौनसी न्यूनतम मात्रा है जो पाये जाने पर चालक को वाहन अधिनियम 1988 की धारा 185 के अधिन दण्डित किया जा सकता है?**
(a) 120 मिलीग्राम से अधिक (b) 130 मिलीग्राम से अधिक
(c) 80 ग्राम से अधिक (d) 30 मिलीग्राम से अधिक

**78. सड़क दुर्घटना में पीड़ितों को गंभीर चोट की स्थिति में मुआवजा राशि है?**
(a) 70000 (b) 50000
(c) 80000 (d) 10000

**79. आदेशात्मक सड़क चिन्ह होते है–**
(a) वृत्त में (b) शटभुज में
(c) आयतन में (d) त्रिभुज में

**80. वाहन मार्ग पर आयताकार चौखाने में एक-दूसरे का काटती हुई पीली विकर्ण रेखाएं क्या सूचित करती है?**
(a) वाहनों को हमको तभी पार करना चाहिए, जब उन्हें पीले चीखाने के मध्य स्पष्ट स्थान प्राप्त हो
(b) वहनों को इस पर थोड़े समय के लिए भी रूकने की अनुमति नहीं है
(c) (a) एवं (b) दोनों
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

## वाहनों के पार्ट-पुर्जे लुब्रीकेटिंग एवं रखरखाव

**81. हाइड्रोलिक दबाव निम्न में से किस नियम पर आधारित होता है?**
(a) न्यूटन के नियम पर (b) पास्कल के नियम पर
(c) आर्किमिडीज के नियम पर (d) इनमें से कोई नहीं

**82. पावर स्टीयरिंग का प्रयोग होता है**
(a) हाई प्रेशर टायर के साथ
(b) बैलून टाइप टायर के साथ
(c) लो प्रेशर टायर के साथ
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**83. कैम्बर कोण के कारण अगले पहिए दिखते हैं**
(a) ऊपर से बाहर की ओर (b) नीचे से बाहर की ओर
(c) बिल्कुल सीधे (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**84. ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन का अन्य नाम है**
(a) सैल्फ-शिफ्टिंग ट्रांसमिशन
(b) n- स्पीड ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन
(c) पारम्परिक गियर बॉक्स ट्रांसमिशन
(d) 'A' और 'B' दोनो

**85. हैण्ड ब्रेक का प्रयोग होता है**
(a) दाईं आरे के पहिए पर (b) बाईं ओर के पहिए पर
(c) अगले पहियों पर (d) पिछले पहियों पर

**86. स्टार्टिंग प्रणाली में कौन से दोष पाये जाते हैं?**
(a) स्टार्टिंग मोटर का इंजन को न घुमा पाना
(b) स्टार्टिंग मोटर का धीमे चलना परन्तु इंजन का स्टार्ट न होना
(c) स्टार्टिंग इंजन का सामान्य रूप से इंजन को चलाना परन्तु इंजन का स्टार्ट न होना
(d) उपरोक्त सभी

**87. जब इंजन की स्पीड कम हो जाती है तब डायनमो की आउटपुट**
(a) घटती है (b) बढ़ती है
(c) समान रहती है (d) घटती-बढ़ती है

**88. इंजन के प्रचालन के दौरान उत्पन्न होने वाला मुख्य प्रदूषक है–**
(a) नाइट्रोजन (b) हाइड्रोकार्बन
(c) कार्बन-मोनो-ऑक्साइड (d) उपरोक्त सभी

**89. इंजेक्टर का कार्य है–**
(a) डीजल सप्लाई को खोलना
(b) डीजल स्प्रे करना
(c) डिलीवरी वाल्व को खोलना
(d) डीजल को जलाना

**90. पेट्रोल इंजन में मिश्रण काफी गाढ़ा हो जाता है ........ के समय।**
(a) चालू करने (b) आईड्लिंग
(c) एक्सेलरेटिंग (d) क्रूसिंग स्पीड पर चलाने पर

**91. समय-समय पर इंजन को साफ करना तथा रिपेयर करना कहलाता है–**
(a) इंजन ट्यूनिंग (b) इंजन कूलिंग
(c) इंजन क्लीनिंग (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**92. इंजन का लुब्रिकेटिंग ऑयल प्रेशर........पर एडजस्ट किया जाता है।**
(a) प्रेशर गेज (b) प्रेशर रिलीफ वाल्व
(c) बाईपास वाल्व (d) मेन बियरिंग क्लीयरेंस

**93. निम्न में से कौन-सा इंजन का एक भाग नहीं है?**
(a) क्लच (b) सिलेण्डर
(c) क्रैंक शॉफ्ट (d) वाल्व

**94. किसी ईंजन का स्ट्रोक होता है.........**
(a) सिलेंडर का आंतरिक व्यास
(b) TDC व BDC के बीच की दूरी
(c) सिलेंडर का वाल्यूम
(d) जोड़ने वाली रॉड की लंबाई

**95. डीजल फिल्टर बना होता है–**
(a) कागज का (b) महीन तार की जाली का
(c) नमदा का (d) ये सभी

**96. निम्नलिखित में से कौन-सा ठोस स्नेहक व्यापक रूप में प्रयोग में लाया जाता है–**
(a) ग्रेफाइट (b) सोडियम
(c) लीथियम (d) इनमें से कोई नहीं

**97. टू–स्ट्रोक के इंजन लुब्रीकेशन के लिए क्या व्यवस्था की जाती है?**
(a) पेट्रोल में मोबिल ऑयल मिलाकर
(b) अलग से ऑयल चैम्बर बना होता है
(c) ऑयल डिपर लगा होता है
(d) इनमें से कोई नहीं

**98. सिलेण्डर के चारों ओर एयर फिन्स बने होने से क्या होता है?**
(a) हवा का क्षेत्रफल बढ़ जाता है
(b) हवा का क्षेत्रफल कम हो जाता है
(c) सिलेण्डर तक हवा नहीं पहुँचती है
(d) इनमें से कोई नहीं

**99. प्रायः एग्जास्ट वॉल्व फेस का कोण होता है :**
(a) 30° (b) 45°
(c) 60° (d) 75°

**100. निम्नलिखित में किसमें जंग नहीं लगती है?**
(a) ड्राई लाइनर (b) वैट लाइनर
(c) दोनों (a) एवं (b) (d) इनमें से कोई नहीं

# SOLUTION : PRACTICE SET- 1

## ANSWER KEY

### सामान्य ज्ञान एवं समसामयिक मुद्दे

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (c) | 7. (b) | 13. (c) | 19. (d) | 25. (d) | 31. (b) | 37. (b) | 43. (d) | 49. (b) | 55. (a) |
| 2. (c) | 8. (a) | 14. (d) | 20. (d) | 26. (b) | 32. (a) | 38. (c) | 44. (a) | 50. (a) | 56. (c) |
| 3. (a) | 9. (d) | 15. (b) | 21. (a) | 27. (c) | 33. (a) | 39. (a) | 45. (a) | 51. (c) | 57. (c) |
| 4. (b) | 10. (a) | 16. (b) | 22. (a) | 28. (a) | 34. (a) | 40. (a) | 46. (c) | 52. (c) | 58. (c) |
| 5. (a) | 11. (d) | 17. (d) | 23. (b) | 29. (c) | 35. (b) | 41. (c) | 47. (b) | 53. (a) | 59. (c) |
| 6. (c) | 12. (d) | 18. (b) | 24. (c) | 30. (c) | 36. (b) | 42. (d) | 48. (b) | 54. (d) | 60. (c) |

### मोटर वाहन अधिनियम एवं नियमावली तथा यातायात नियम एवं संकेत

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 61. (d) | 63. (b) | 65. (c) | 67. (d) | 69. (b) | 71. (a) | 73. (c) | 75. (b) | 77. (d) | 79. (a) |
| 62. (d) | 64. (b) | 66. (c) | 68. (b) | 70. (b) | 72. (a) | 74. (a) | 76. (c) | 78. (b) | 80. (c) |

### वाहनों के पार्ट-पुर्जे लुब्रीकेटिंग एवं रखरखाव

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 81. (b) | 83. (a) | 85. (d) | 87. (a) | 89. (b) | 91. (a) | 93. (a) | 95. (c) | 97. (a) | 99. (b) |
| 82. (b) | 84. (d) | 86. (d) | 88. (d) | 90. (a) | 92. (b) | 94. (b) | 96. (a) | 98. (a) | 100. (a) |

## SOLUTION

### सामान्य ज्ञान एवं समसामयिक मुद्दे

**1. (c)**
नैसकॉम (NASSCOM) नेशनल एसोसिएशन ऑफ सॉफ्टवेयर एंड सर्विसेज कंपनीज भारतीय प्रौद्योगिकी उद्योग के लिए एक शीर्ष निकाय है। इसकी स्थापना 1988 में एक लाभ-निरपेक्ष संस्था के रूप में हुई। आईपीएल (IPL) का शुभारंभ, 2008 को हुआ था।

**2. (c)**
आईपीएल (IPL) का पहला मैच 18 अप्रैल, 2008 को रॉयल चैलेंजर्स बैंगलूरू और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच खेला गया था। जिसमें कोलकाता नाइट राइडर्स ने जीत हासिल की थी। IPL-2033 का फाइनल मुकाबला अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम चेन्नई सुपरकिंग्स ने गुजरात टाइम्स को हराकर जीता।

**3. (a)**
अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (ILO) का मुख्यालय जेनेवा स्विट्जरलैण्ड में है, यह संयुक्त राष्ट्र की एजेंसी है जिसका उद्देश्य अन्तर्राष्ट्रीय श्रम मानकों को स्थापित करके सामाजिक और आर्थिक न्याय को आगे बढ़ाना है। इसकी स्थापना अक्टूबर 1919 में की गयी। यह संयुक्त राष्ट्र की पहली एवं सबसे पुरानी एजेंसी है।

**4. (b)**
भारत में राष्ट्रीय मतदाता दिवस प्रत्येक वर्ष 25 जनवरी को मनाया जाता है। इसकी शुरूआत 2011 में की गयी थी।

| | | |
|---|---|---|
| राष्ट्रीय विज्ञान दिवस | – | 28 फरवरी |
| इन्टरनेशनल डे ऑफ अनवॉर्न चाइल्ड | – | 25 मार्च |

**5. (a)**
भारत रत्न विजेता, भूपेन हजारिका कला क्षेत्र से सम्बन्धित है। भूपेन हजारिका का जन्म 1926 में असम के तिनसुकिया जिले के छोटे शहर सादिया में हुआ था। भूपेन हजारिका को एक महान गायक, गीतकार, संगीतकार कवि और फिल्मकार के रूप में जाना जाता है। भूपेन हजारिका (मरणोपरांत) को वर्ष 2019 में नानाजी देशमुख (मरणोपरांत) पूर्व राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी के साथ भारत रत्न दिया गया था।

**6. (c)**
लिच्छवी (बिहार) गंगा के उत्तर में एक गणराज्य था। जिसकी राजधानी वैशाली (आधुनिक बसाढ़) थी, लिच्छवी महात्मा बुद्ध के समय में बिहार में स्थित प्राचीन गणराज्यों में सबसे बड़ा तथा शक्तिशाली राज्य था। राजा चेटक यहाँ के प्रसिद्ध राजा/नरेश थे।

**7. (b)**
पटना उच्च न्यायालय, (बिहार प्रांत का उच्च न्यायालय) की स्थापना 3 फरवरी 1916 में की गई थी। 22 मार्च 1912 को भारत के गवर्नर जनरल द्वारा की गई उद्घोषणा के अनुसार बिहार उड़ीसा के क्षेत्र जो पहले बंगाल में फोर्ट विलियम प्रसीडेंसी की सीमा के भीतर शामिल थे, का एक अलग प्रांत के रूप में गठन किया गया।

**8. (a)**
जनगणना 2011 के अनुसार सर्वाधिक जनसंख्या घनत्व बिहार राज्य की 1106 व्यक्ति प्रति वर्ग कि.मी. है। तथा सबसे कम घनत्व वाला राज्य अरुणाचल प्रदेश 17 व्यक्ति प्रति वर्ग कि.मी. है। भारत की जनसंख्या घनत्व 382 व्यक्ति प्रति वर्ग कि.मी. है।

**9. (d)**
पोलियो, पोलियो माइलाइटिस वायरस के कारण होता है जो एंटरोवायरस-(पिकोर्नवायरस) का सदस्य है। इस रोग का प्रभाव केन्द्रीय तंत्रिका तंत्र पर होता है जिससे रीढ़ की हड्डी और आँत की कोशिकाएँ नष्ट हो जाती हैं। इस रोग के बचाव के लिए बच्चों को पोलियो निरोधी वैक्सीन दिया जाता है। सॉल्क टीका का उपयोग इस रोग से बचाव के लिए इन्जेक्शन के माध्यम से बच्चों को दिया जाता है। डॉ0 अल्बर्ट साबिन ने मुँह से लेने वाली पोलियो ड्रॉप की खोज को विकसित किया था।

**10. (a)**
व्यक्ति के शरीर में, यकृत की मदद से अतिरिक्त ग्लूकोज ग्लाइकोजन में परिवर्तित हो जाता है। जब व्यक्ति भूखा होता है तो उसका शरीर सबसे पहले ग्लाइकोजन का ही प्रयोग करता है। ग्लाइकोजन का प्रयोग ग्लूकोज में परिवर्तित होने के बाद ही किया जाता है।

**11. (d)**
आँख और उसके रोगों से संबंधित चिकित्साशास्त्र (Medicine) की शाखा को ओफ्थैलमॉलॉजी कहा जाता है।

**ऑन्कोलॉजी** - कैंसर रोग का अध्ययन एवं उपचार।

**ओडोंटोलोजी** - इसमें दाँत से संबंधित रोगों का अध्ययन किया जाता है।

**12. (d)**
NaCI (सोडियम क्लोराइड) को खाने के नमक के नाम से जाना जाता है। यह एक आयनिक यौगिक है। समुद्र के जल का खारापन मुख्यतः उसमें उपस्थित सोडियम क्लोराइड के कारण ही होता है।

**13. (c)**
ब्रिटिश वैज्ञानिक अर्नेस्ट रदरफोर्ड ने अल्फा कण प्रकीर्णन प्रयोग कर तत्वों की परमाणु संरचना की व्याख्या की थी। रदरफोर्ड ने '$\alpha$' कणों की सोने की एक पतली शीट पर बौछार कर यह प्रयोग किया। अल्फा कणों का स्रोत हीलियम नाभिक था।

**14. (d)**
पदार्थ का घनत्व अधिकतम ठोसों (क्रिस्टल) में होता है। ठोस के कणों के बीच में अंतरा अणुक (Intermolecular) बल का प्रभाव सबसे अधिक होता है। जिसके कारण ठोस पूर्णतः असंपीड्य और निश्चित आकार तथा आयतन के होते हैं।

**15. (b)**
लघुपथन के समय करंट का मान बढ़ जाता है। जब विद्युतमय तथा उदासीन तार आपस में सम्पर्क में आते हैं तो ऐसी स्थिति में परिपथ का प्रतिरोध शून्य हो जाता है और उनमें से अत्यधिक धारा प्रवाहित होने लगती है। इसे ही लघुपथन कहते हैं।

**16. (b)**
वर्षा की बूँद का आकार पृष्ठ तनाव के कारण गोल होता है। वर्षा के द्रव के मुक्त पृष्ठ के कारण वह सिकुड़ कर अपना क्षेत्रफल न्यूनतम कर लेता है क्योंकि किसी दिए हुए आयतन के लिए गोले के पृष्ठ का क्षेत्रफल न्यूनतम होता है। इसीलिए वर्षा की बूँद का आकार गोल होता है।

**17. (d)**
सूर्य का प्रकाश जब वायुमण्डल से गुजरता है तो मार्ग में आने वाली गैसों के अणुओं और धूल कणों द्वारा प्रकीर्णित हो जाता है। सूर्य का प्रकाश सात विभिन्न रंगो से बना होता है, प्रकीर्णन के दौरान यह सात रंगों (बैंगनी, इंडिगो, नीला, हरा, पीला, नांरगी तथा लाल) में विभाजित हो जाता है। जिस रंग का तंरगदैर्ध्य सबसे कम होता है, उसका प्रकीर्णन अधिक तथा जिस रंग का सबसे ज्यादा तरंगदैर्ध्य होता है, उसका प्रकीर्णन सबसे कम होता है। ध्यातव्य है कि लाल रंग का तरंगदैर्ध्य सबसे अधिक तथा बैंगनी रंग का तरंगदैर्ध्य सबसे कम होता है।

**18. (b)**
ओडोमीटर एक उपकरण है, जिसका उपयोग वाहन द्वारा तय की गई दूरी को मापने के लिए किया जाता है। वाहन की गति को मापने के लिए स्पीडोमीटर का उपयोग किया जाता है।

**19. (d)**
बेटी बचाओ,बेटी पढ़ाओ योजना 22 जनवरी, 2015 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हरियाणा के पानीपत से शुरु की गई थी। केन्द्र सरकार द्वारा इस योजना के माध्यम से बेटियों के प्रति समाज में होने वाले नकारात्मक रवैया के प्रति जागरुकता फैलाना तथा शिक्षा के माध्यम से लड़कियों को सामाजिक और वित्तीय रूप से स्वतंत्र बनाना है।

**20. (d)**
जनगणना 2011 के अनुसार दिये गये विकल्पों में से 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों में से पटना शहर की जनसंख्या न्यूनतम है,पटना की कुल जनसंख्या 20.46 लाख है। दिल्ली की जनसंख्या 1.6 करोड़, मुम्बई की जनसंख्या 1.84 करोड़ तथा बंगलुरु की जनसंख्या 84.3 लाख है।

**21. (a)**
प्रत्यक्ष कर एक ऐसा कर है जो एक व्यक्ति या उसके द्वारा प्रत्यक्ष तौर पर उस संस्था को दिया जाता है जिसने इसे अधिरोपित किया है। जैसे- सम्पत्ति कर, निगम कर तथा आयकर प्रत्यक्ष कर के उदाहरण हैं।

**22. (a)**
एसआईडीबीआई का पूर्ण स्वरूप भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (Small Industries Development Bank of India) है। यह बैंक भारत की स्वतंत्र वित्तीय संस्था है जिसे सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों की वृद्धि एवं विकास के लक्ष्य हेतु 2 अप्रैल, 1990 ई. को भारतीय औद्योगिक विकास बैंक (IDBI) के एक सहायक बैंक के रूप में स्थापित किया गया है। इस बैंक का मुख्यालय उत्तर प्रदेश के लखनऊ जिले में स्थित है। वर्तमान में SIDBI के चेयरमैन श्री शिव सुब्रमणियन रमण हैं।

**23. (b)**
ज्ञान दीपक नामक पुस्तक की रचना महान संत दरिया साहेब ने की थी। इन्हें दरिया दास या बिहार वाले के नाम से भी जाना जाता है। ये भोजपुरी कवि और दरियादासी सम्प्रदाय के संस्थापक थे। इन्हें कबीर का अवतार माना जाता है। इन्होंने 20 से अधिक पुस्तके लिखी है, जिनमें से ''ज्ञान दीपक'' और ''दरिया साहेब'' प्रमुख है। ध्यातव्य है कि 'दरिया साहेब' उनकी आत्मकथा है।

**24. (c)**
भारत का सबसे बड़ा बन्दरगाह मुम्बई बन्दरगाह है। यह पश्चिमी तट पर अवस्थित है। ध्यातव्य है कि मुम्बई बन्दरगाह के भार को कम करने के लिए न्हावा शेवा बन्दरगाह बनाया गया है।

**25. (d)**
बैलाडीला लौह अयस्क की खान छत्तीसगढ़ राज्य के दंतेवाड़ा जिले में स्थित है। बैलाडीला से लौह अयस्क जापान और दक्षिण कोरिया को निर्यात किया जाता है। यह निर्यात विशाखापत्तनम बंदरगाह (आंध्र प्रदेश) के माध्यम से होता है। इसके अलावा छत्तीसगढ़ की ही डाली राजहरा भी लौह अयस्क के लिए प्रसिद्ध है।

**26. (b)**
बिहार में तुर्क सत्ता की स्थापना का वास्तविक श्रेय इब्ने बख्तियार खिलजी को जाता है। वह बनारस तथा अवध क्षेत्र के सेनापति मलिक हुसामुद्दीन का सहायक था। उसने 12वीं -13वीं शताब्दी में बिहार में कर्मनासा नदी के पूर्वी ओर सैनिक अभियान किया। उस समय वहाँ पर सेन वंश शासक लक्ष्मणसेन था और पाल की पहली महत्वपूर्ण सफलता ओदन्तपुरी (बिहार शरीफ) की विजय थी जो 1198 ई. में सम्पन्न हुई। बख्तियार खिलजी ने ऐबक की सम्प्रभुता औपचारिक रूप से स्वीकार की, मगर व्यवहार में वह अपने विजित क्षेत्रों का शासक बना रहा। उसने अपनी राजधानी लखनौती को बनाया था।

**27. (c)**
दक्षिणी बिहार में (1530 में) नूहानी वंश को समाप्त करके शेरशाह ने अफगान वंश की सूर साम्राज्य की स्थापना की एवं हजरत-ए-आला की उपाधि धारण की और दक्षिणी बिहार का वास्तविक शासक बना। शेरशाह ने मुगल शासक हुमायुँ को दो बार-1539 ई. व 1540 (चौसा का युद्ध) (बिलग्राम का युद्ध) ई. में युद्ध में हराया। इसकी मृत्यु 1545 ई. में हुई थी।

**28. (a)**
भारत का देशांतरीय विस्तार गुजरात में 68°7' पूर्व से लेकर अरुणाचल प्रदेश में 97°25' पूर्व तक है। भारत के मुख्य भू-भाग का देशांतरीय विस्तार लगभग 30 डिग्री है। भारत का पूर्व-पश्चिम विस्तार 2,933 किलोमीटर तथा उत्तर-दक्षिण विस्तार 3,214 किलोमीटर है।

**29. (c)**
अकेसिया (बबूल) विषुवतरेखीय बनों से संबंधित नहीं है बल्कि यह उष्णकटिबंधीय कांटेदार वन से संबंधित हैं। जबकि महोगनी, रोजवुड, आयरन वुड विषुवतीय रेखीय वन से संबधित हैं। उष्ण कटिबंधीय कांटेदार वन उन भागों में पाए जाते है, जहां वार्षिक वर्षा 50 सेमी. से कम होती हैं। भारत में विभिन्न प्रकार प्राकृतिक वनस्पति पाई जाती है। हिमालय पर्वतों पर शीतोष्ण कटिबंधीय वनस्पति उगती है, पश्चिमी घाट तथा अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में उष्ण कटिबंधीय वर्षा वन पाए जाते हैं।

**30. (c)**
वहाबी या सलफ़ी आंदोलन एक अतिवादी इस्लामी आंदोलन था, जिसका श्रेय इमाम मुहम्मद बिन अब्दुल वहाब को दिया जाता है। भारत में बहावी आंदोलन पटना बिहार के क्षेत्र में हुआ एक इस्लामी, धार्मिक पुनरुत्थानवादी आंदोलन था। भारत में इसका नेतृत्व सैयद अहमद बरेलवी ने किया।

**31. (b)**

| **देश** | | **मुद्रा** |
|---|---|---|
| जापान | – | येन |
| चीन | – | युआन |
| तुर्की | – | लीरा |
| चिली | – | पेसो |

**32. (a)**
वायुमण्डल में सबसे अधिक गैस नाइट्रोजन (78%) है। इसके बाद दूसरे नम्बर पर सबसे अधिक प्रतिशत ऑक्सीजन (21%) का है। अन्य गैसों का प्रतिशत निम्नवत् है-

आर्गन – 0.9%
$CO_2$ – 0.03%
हीलियम – 0.0005%
हाइड्रोजन – 0.01%

**33. (a)**
पृथ्वी की सतह का लगभग 71% हिस्सा पानी से ढका है, जिसके कारण अंतरिक्ष से पृथ्वी नीली दिखाई देती है, इस कारण पृथ्वी को नीला ग्रह कहा जाता है। यह सौरमण्डल में सूर्य से तीसरा ग्रह है, जो पश्चिम से पूर्व की ओर घूमते हुए सूर्य का चक्कर 365 दिन में लगाती है। यह 3959 मील की त्रिज्या के साथ हमारे सौरमण्डल का पाँचवा सबसे बड़ा ग्रह है। इसका औसत घनत्व लगभग 5.523 $g/cm^3$ है। इसका एकमात्र उपग्रह चन्द्रमा है।

**34. (a)**
पंचायती राज पर स्थापित समितियाँ–

| **समिति** | **स्थापना वर्ष** |
|---|---|
| बलवंत राय मेहता | 1957 |
| अशोक मेहता | 1977 |
| जी.वी.के.राव | 1985 |
| एल.एम.सिंघवी | 1986 |

**35. (b)**
पहला लोकायुक्त महाराष्ट्र में नियुक्त हुआ था। इस राज्य ने वर्ष 1971 में महाराष्ट्र लोकायुक्त और उपलोकायुक्त अधिनियम के माध्यम से इसे लागू किया था।

**36. (b)**
भारतीय संविधान के 44वें संशोधन अधिनियम 1978 द्वारा आपात उपबन्धों के अंतर्गत अनुच्छेद-352 में संशोधन कर राष्ट्रीय आपात की घोषणा के आधार में से 'आंतरिक अशांति' के स्थान पर 'सशस्त्र विद्रोह' को जोड़ा गया है। इसके अन्तर्गत राष्ट्रपति द्वारा राष्ट्रीय आपात की उद्घोषणा के लिए मंत्रिमण्डल की लिखित सलाह को अनिवार्य कर दिया गया है तथा इस उद्घोषणा का एक माह के भीतर संसद के दोनों सदनों (लोकसभा तथा राज्यसभा) द्वारा विशेष बहुमत से अनुमोदन किया जाना अनिवार्य है।

**37. (b)**
राष्ट्रीय आपातकाल का प्रावधान संविधान के अनुच्छेद 352 में किया गया है। राष्ट्रपति के द्वारा आपातकाल की घोषणा युद्ध, बाह्य आक्रमण या सशस्त्र विद्रोह की आशंका अथवा स्थिति में की जाती है। संविधान के अनुच्छेद 358 में प्रावधान है कि आपातकाल की घोषणा के साथ ही अनुच्छेद 19 (मौलिक अधिकार) स्वतः निलंबित हो जाएगा।

**38. (c)**
भारत में पंचायती राज संस्थाओं की स्थापना संवैधानिक निर्देशानुसार नीति निर्देशक सिद्धान्तों (भाग-4 में अनुच्छेद 36-51 तक वर्णित) के आधार पर की गई थी। इसमें अनुच्छेद 40 के अनुसार पंचायती राज व्यवस्था का उल्लेख है, जिसे 73वें संविधान संशोधन 1992 के द्वारा संविधान में ग्यारहवीं अनुसूची को जोड़कर संवैधानिक मान्यता दी गई।

**39. (a)**
15 अगस्त 1947 को भारत स्वतंत्र होने के बाद 26 जनवरी 1950 से भारतीय संविधान लागू हुआ। इस संविधान के माध्यम से ब्रिटिश न्यायिक समिति के स्थान पर नई न्यायिक संरचना का गठन किया गया। इसके अनुसार भारत में कई स्तर के तथा विभिन्न प्रकार के न्यायालय होगें। जो पूरी तरह से स्वतंत्र होंगे। अतः भारत की न्यायपालिका एक स्वतंत्र न्यायपालिका है।

**40. (a)**
अंतर्राज्यीय परिषद का सदस्य राज्यपाल नहीं होता है।

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 263 के तहत अंतर्राज्यीय परिषद का गठन किया गया था। भारत का प्रधानमंत्री परिषद का अध्यक्ष होता है। इसका गठन वर्ष 1990 में सरकारिया आयोग की सिफारिश के तहत किया गया था।

अंतर्राज्यीय परिषद के सदस्य–

- संघ में कैबिनेट के केन्द्रीय मंत्री
- राज्यों के मुख्यमंत्री
- विधानसभा वाले केन्द्र शासित प्रदेशों के प्रशासक
- विधानसभा वाले केन्द्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्री
- राष्ट्रपति शासन के तहत प्रशासित होने वाल राज्यों के राज्यपाल।

**41. (c)**
स्वतंत्र भारत के प्रथम कानून मंत्री डा. बी. आर. अम्बेडकर थे। राजगोपालाचारी प्रथम भारतीय एवं अन्तिम गवर्नर जनरल थे। जबकि बी.एन.राव संवैधानिक सलाहकार थे।

**42. (d)**
भारत के संविधान में 22 भाग है, संविधान के भाग IV में अनुच्छेद-36 से 51 तक राज्य के नीति निदेशक तत्त्व के अन्तर्गत कल्याणकारी राज्य की संकल्पना दी गई है।

**43. (d)**
भारत की संविधान सभा का गठन कैबिनेट मिशन की सिफारिशों पर किया गया था, जिसने 1946 में देश का संविधान तैयार करने के लिए भारत का दौरा किया था। 9 दिसम्बर, 1946 को संविधान सभा की पहली बैठक आयोजित की गई थी इसमें सबसे वरिष्ठ सदस्य डा. सच्चिदानन्द सिन्हा को इसका अस्थाई सदस्य नियुक्त किया गया था। परन्तु संविधान सभा के प्रथम स्थायी अध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र प्रसाद थे। 11 दिसम्बर, 1946 की बैठक में इनको अध्यक्ष बनाया गया था। एच.सी. मुखर्जी तथा वी.टी. कृष्णामचारी को संविधान सभा का उपाध्यक्ष चुना गया था।

**44. (a)**
भारत की गुटनिरपेक्षता को देश की विदेश नीति का आधार बनाने के जन्मदाता तथा विश्व में भी गुटनिरपेक्षता की नीति के जन्मदाता भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू थे।

वैश्विक रूप से गुटनिरपेक्षता की नीति के जन्मदाता तत्कालीन-भारत के प्रधानमंत्री-पं. जवाहर लाल नेहरू, मिस्र के राष्ट्रपति- अब्दुल नासिर, यूगोस्लाविया के राष्ट्रपति -मार्शल टीटो
को माना जाता है।

गुटनिरपेक्षता का तात्पर्य विभिन्न शक्तियों से तटस्थ या अलग रहते हुए स्वतंत्र विदेश नीति और राष्ट्रीय हित के अनुसार न्याय का समर्थन करना है।

**45. (a)**
लॉड कैनिंग भारत का प्रथम वायसरॉय था। उसका कार्यकाल वर्ष 1856 से 1862 तक रहा। इस दौरान ही 'गवर्नमेंट ऑफ इंडिया 1858 एक्ट' पास हुआ। उसे 1859 में अर्ल की उपाधि प्रदान की गयी तथा 1861 के भारतीय परिषद अधिनियम को लार्ड कैनिंग के कार्यकाल में पारित किया गया। इसी में सर्वप्रथम विभागीय प्रणाली प्रारम्भ की गई। इसके शासनकाल के दौरान ही वर्ष 1857 का विद्रोह तथा वर्ष 1857 में कलकत्ता, मद्रास और बाम्बे में तीन विश्वविद्यालयों की स्थापना हुई ।

**46. (c)**
मंगल पांडे उत्तर प्रदेश राज्य के थे। इनका जन्म 19 जुलाई 1827 ई. को बलिया जिले के एक ब्राह्मण परिवार में हुआ था। वे बैरकपुर की सैनिक छावनी में 34वीं बंगाल नेटिव इनफैंट्री के सैनिक नियुक्त हुए थे। बैरकपुर छावनी में मंगल पांडे ने अपने साथियों के साथ विद्रोह कर ब्रिटिश अधिकारी 'लेफ्टिनेंट बाग' की हत्या कर, 'मेजर सार्जेण्न ह्यूरसन' को गोली मार दी। अतः इसी जुर्म में 8 अप्रैल, 1857 को (18 अप्रैल 1857 की फांसी की निर्धारित तिथि से 10 दिन पहले) मंगल पाण्डे को फांसी दी गई।

**47. (b)**
श्रीरंगपट्टनम् की संधि अंग्रेजों ने टीपू सुल्तान के साथ की थी। तृतीय आंग्ल–मैसूर युद्ध के दौरान अंग्रेजों ने मराठों और हैदराबाद के निजाम के सहयोग से श्रीरंगपट्टनम पर आक्रमण किया। 5 फरवरी, 1792 ई. में तत्कालीन गवर्नर–जनरल कॉर्नवालिस ने टीपू सुल्तान के श्रीरंगपट्टनम् स्थित किले को घेरकर उसे संधि के लिए विवश किया। 18 मार्च 1792 ई. को टीपू सुल्तान को अंग्रेजों के साथ श्रीरंगपट्टनम की संधि करनी पड़ी और संधि की शर्तों के अनुसार टीपू को अपने राज्य का आधा हिस्सा अंग्रेजों और उसके सहयोगियों को देना पड़ा तथा युद्ध के हर्जाने के रूप में तीन करोड़ रुपये युद्ध की क्षतिपूर्ति के लिए भी देना पड़ा।

**48. (b)**
पूर्वी दीप समूह की खोज पुर्तगाली नाविक वास्कोडिगामा ने किया था। वास्कोडिगामा पुर्तगाल से अफ्रीका के केप आफ गुड होप के रास्ते भारत के कालीकट स्थान पर 1498 में पहुँचा था।

**49. (b)**
दिल्ली के लाल किले में स्थित 'मोती मस्जिद' का निर्माण औरंगजेब द्वारा करवाया गया। औरंगजेब (1658–1707 ई.) मुगल साम्राज्य का एक शक्तिशाली शासक था। वह मुगल बादशाह शाहजहाँ का पुत्र था। आगरा में स्थित मोती मस्जिद का निर्माण शाहजहाँ ने करवाया था।

**50. (a)**
शेरशाह के बचपन का नाम फरीद था। दक्षिणी बिहार के सूबेदार बहार खाँ लोहानी की सेवा ग्रहण करने के बाद एक दिन शिकार खेलते समय फरीद ने एक शेर को मार गिराया। उसकी इस प्रतिभा से प्रसन्न होकर बहार खाँ ने उसे 'शेर खाँ' की उपाधि प्रदान की तथा अपने पुत्र जलालुद्दीन का संरक्षक एवं शिक्षक नियुक्त किया। ये सूर राजवंश का संस्थापक था।

**51. (c)**
मुगल शासक अकबर का शासन काल 1556–1605 ई0 तक रहा। अपने शासन काल में मेवाड़ के शासक उदय सिंह द्वारा अकबर की अधीनता न स्वीकार करने के कारण सन् 1567 ई0 में उसने चित्तौड़ के किले पर आक्रमण कर दिया। उदय सिंह ने अपने वीर सैनिक जयमल और फत्ता के नेतृत्व में युद्ध किया और अंत में पराजित हुआ और जयमल और फत्ता वीरगति को प्राप्त हुए। बाद में अकबर ने आगरा के किले के दरवाजे पर जयमल और फत्ता की वीरता की स्मृति में उनकी प्रस्तर मूर्तियाँ स्थापित करवायी।

**52. (c)**
अलाउद्दीन खिलजी (1296-1316 ई.) दिल्ली का सुल्तान था। यह खिलजी वंश का द्वितीय शासक था। इसके बचपन का नाम 'अली गुरशास्प'' था। इसने ''द्वितीय सिकन्दर'' (सिकन्दर-ए-सानी) की उपाधि धारण की थी। इसने अपने शासनकाल में 'अलाई दरवाजा', हजार खम्भा महल जैसे प्रसिद्ध इमारतों का निर्माण कराया। इसकी नीतियों में बाजार नीति सबसे प्रसिद्ध है।

**53. (a)**
तराइन के प्रथम युद्ध में राजपूत शासक पृथ्वीराज चौहान ने अफगान आक्रमणकारी व शासक मुहम्मद गोरी को पराजित किया था। यह युद्ध 1191 ई. में लड़ा गया था जबकि 1192 में लड़े गए तराइन के द्वितीय युद्ध में मुहम्मद गोरी ने पृथ्वीराज चौहान को हराया था।

**54. (d)**
तंजौर का राजराजेश्वर मंदिर राजराज प्रथम ने बनवाया था। इसे 1003 और 1010 ई0 के बीच बनवाया गया था। यह मंदिर भगवान शिव को समर्पित है। इस मंदिर में दक्षिण भारतीय और उत्तर भारतीय वास्तुशिल्प तत्वों का मिश्रण है। मंदिर में जटिल नक्काशी मूर्तियाँ और भित्तिचित्र हैं जो हिंदू पौराणिक कथाओं और किंवदंतियों को दर्शाते हैं।

**55. (a)**
जैन धर्म के संस्थापक एवं प्रथम तीर्थंकर ऋषभदेव थे। वर्द्धमान महावीर का जन्म 540 ई.पू. में वैशाली के निकट कुण्डग्राम में हुआ था। उनके पिता सिद्धार्थ 'ज्ञातृक कुल' के प्रधान थे तथा उनकी माता त्रिशला लिच्छवि नरेश चेटक की बहन थी। महावीर स्वामी जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर थे।

**56. (c)**
कुरूक्षेत्र युद्ध कौरवों और पाण्डवों के मध्य हस्तिनापुर साम्राज्य के सिंहासन की प्राप्ति के लिए लड़ा गया था। यह युद्ध 18 दिनों तक चला था। वर्तमान में कुरूक्षेत्र हरियाणा में स्थित है।

**57. (c)**
सिंधु नदी के किनारे बसी भारत की प्राचीनतम नगरीय सभ्यता को सिन्धु घाटी सभ्यता या सैंधव सभ्यता कहकर पुकारा जाता है। हड़प्पा सभ्यता के धार्मिक जीवन के बारे में अधिकांश जानकारी पुरातात्विक स्रोतों से प्राप्त होती है। सिन्धु घाटी सभ्यता के लोगों द्वारा पशुपति की पूजा, मातृदेवी की पूजा, नाग की पूजा एवं वृक्ष पूजा करने के साक्ष्य मिले हैं।

**58. (c)**
पाषाण काल उस अवधि को संदर्भित करता है। जब पत्थर का उपयोग उपकरण बनाने के लिए किया जाता था। पाषाण काल को तीन चरणों में विभाजित किया गया है। पुरापाषाणकाल (Paleolithic Age) मध्यपाषाण काल (Mesolithic Age) नवपाषाण काल (Neolithic Age)। नवपाषाण काल पाषाण काल का सबसे विकसित काल था।

**59.** (c)
वैश्विक अनुमोदन रेटिंग 2025 में 75% अनुमोदन के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शीर्ष पर है। यह एक प्रकार का वैश्विक सर्वेक्षण हैं, जो मॉर्निंग कंसल्ट के द्वारा प्रकाशित किया जाता है।

**60.** (c)
मई, 2025 में दूरसंचार उपकरण एवं सेवा निर्यात संवर्धन परिषद द्वारा दूरसंचार विभाग के सहयोग से 22वां 'भारत टेलीकॉम-2025' का आयोजन नई दिल्ली में किया गया।

## वाहनों के पार्ट-पुर्जे लुब्रीकेटिंग एवं रखरखाव

**81.** (b)
हाइड्रोलिक दबाव पास्कल के नियम पर आधारित होता है।

- **पास्कल का नियम-** इस नियम के अनुसार जब एक कन्टेनर में डालकर उस पर प्रैशर डालते है तो यह तरल पदार्थ कन्टेनर की वाल्व पर ऊपर-नीचे हर तरफ बराबर प्रैशर डालता है।
- $\boxed{1 \text{पास्कल} = 10^{-5} \text{बार}}$
- पास्कल के नियम के उदाहरण -

हाइड्रोलिक लिफ्ट, हाइड्रोलिक ब्रेक तथा हाइड्रोलिक प्रेस है।

**82.** (b)
- पावर स्टीयरिंग का प्रयोग बैलून टाइप टायर के साथ किया जाता है।
- जिन मोटर गाड़ियों के टायर बड़े सक्शन तथा कम प्रेशर वाले बैलून के आकार के होते हैं, उनमें टायरों का भूमि सम्पर्क बढ़ जाता है। अतः इस प्रकार की टायर युक्त भारी गाड़ियों में स्टीयरिंग को घुमाने के लिए ड्राइवर को अधिक शक्ति लगानी पड़ती है।

**83. (a)**
कैम्बर कोण के कारण अगले पहिये से ध्यानपूर्वक देखा जाए तो वे ऊपर से कुछ बाहर की ओर झुके रहते हैं। यह कोण $2^o$ से $5^o$ तक दिया जाता है।

**84. (d)**
ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन का अन्य नामः–
(1) सैल्फ शिफ्टिंग ट्रांसमिशन
(2) n- स्पीड ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन

**85. (d)**
हैण्ड-ब्रेक का प्रयोग पिछले पहिये पर होता है।

- सामान्यतः जब आप अपनी कार को खड़ा करते है या पार्क करते है तो हैंडब्रेक का इस्तेमाल करना।

**86.** (d)
**स्टार्टिंग प्रणाली में निम्न दोष पाये जाते है-**
(1) स्टार्टिंग मोटर का इंजन को न घुमा पाना।

(2) स्टार्टिंग मोटर का धीमे चलना परन्तु इंजन का स्टार्ट न होना।
(3) स्टार्टिंग इंजन का सामान्य रूप से इंजन का चलाना परन्तु इंजन का स्टार्ट न होना।
(4) स्टार्टिंग मोटर का पिनियन फ्लाई व्हील में एंगेज नहीं होना।
(5) सैल्फ स्टार्टर फ्लाईव्हील में एंगेज होता है लेकिन उसे चला नही पाता है।
(6) सैल्फ स्टार्टर का पिनियन घूमता है लेकिन फ्लाई व्हील में एंगेज नही होता।

**87.** (a)
इंजन कम गति पर कम और अधिक गति पर अधिक करेंट उत्पन्न करे ताकि बैटरी पूरी चार्ज्ड हो सके, इसी विशेषता के कारण डायनमो का प्रयोग होता है।

**88.** (d)
इंजन के प्रचालन के दौरान उत्पन्न होने वाला मुख्य प्रदूषक नाइट्रोजन, हाइड्रोकार्बन तथा कार्बन मोनो ऑक्साइड होता है।
* कैटेलिटिक कन्वर्टर द्वारा नाइट्रोजन (N), हाइड्रोकार्बन (HC) तथा कार्बन मोनो ऑक्साइड (CO) को $CO_2$, $H_2O$ तथा नाइट्रोजन मे बदलता है।

**89. (b)**
इंजेक्टर का कार्य डीजल को स्प्रे करना होता है।

**90. (a)**

| पेट्रोल इंजन में इंजन को चालू करते समय मिश्रण काफी गाढ़ा होता है। | |
|---|---|
| **Operating condition** | **Air fule ratio** |
| चालू करने पर (Starting) | 3 : 1 - 5 : 1 |
| आईड्लिंग (Idling) | 10 : 1 |
| एक्सेलरेटिंग (Acceleration) | 13.5 : 1 |
| क्रसिंग स्पीड पर चलाने पर (Crushing) | 16 : 1 |

**91. (a)**
समय-समय पर इंजन को साफ करना तथा रिपेयर करना इंजन ट्यूनिंग कहलाता है।

**<u>इंजन ट्यूनिंग के लाभः-</u>**
(1) हार्स पावर व टार्क में सुधार होता है।
(2) ईंधन दक्षता बढ़ती है।
(3) थ्राटलिंग अच्छी होती है।
(4) इससे इंजन का जीवन काल बढ़ता है।

**92. (b)**
इंजन का लुब्रिकेटिंग ऑयल प्रेशर, प्रेशर रिलीफ वाल्व पर एडजस्ट किया जाता है।
● प्रेशर रिलीफ वाल्व जब ऑयल प्रेशर अत्यधिक हो जाता है। तो उसको समान स्थिति में लाने के लिए प्रयोग किया जाता है।

**93. (a)**
दिये गये विकल्प में, क्लच इंजन का भाग नहीं है।

**इंजन के मुख्य अवयव–**

1. सिलेण्डर हेड 2. क्रैंकशॉफ्ट 3. वाल्व
4. पिस्टन 5. कनेक्टिंग रॉड 6. सिलेण्डर ब्लॉक

**94. (b)**
किसी इंजन का स्ट्रोक TDC व BDC के बीच की दूरी होता है।



[स्ट्रोक लम्बाई (L) = 2 × क्रैंक त्रिज्या (R)]

**95. (c)**
डीजल फिल्टर नमदा का बना होता है।
फ्यूल सप्लाई सिस्टम में फिल्टर तथा जाली लगी होती है जो पम्प तथा कार्बुरेटर में जाने से पहले फ्यूल को छानते हैं। फ्यूल से मिले हुए धूल के कण इंजन निष्पादन को कम करते है। फ्यूल पम्प तथा कार्बुरेटर को सामान्य रूप से कार्य करने से रोकते हैं इसीलिए फ्यूल को छानना आवश्यक होता है, ताकि धूल कण उसमें न जाएँ।

**96. (a)**
ग्रेफाइट स्नेहक को ठोस स्नेहक के रूप में प्रयोग करते हैं। इसका प्रयोग अधिक लोड सहन करने वाले स्थान पर लगाया जाता है। इसका प्रयोग लीफ स्प्रिंग की पत्तियों पर लगाया जाता है।

**97. (a)**
टू–स्ट्रोक इंजन लुब्रीकेशन के लिए पेट्रोल में 5% तक मोबिल ऑयल मिलाते हैं।




बड़े इंजनों में प्रेशर टाइप लुब्रीकेशन प्रणाली का प्रयोग किया जाता है।

**98. (a)**
सिलिण्डर के सतह का क्षेत्रफल बढ़ाने के लिए सिलिण्डर के चारो ओर एयर फिन्स बनाए जाते है।
अच्छे शीतलन के लिए धातु–सतह का क्षेत्रफल जो वायु के संपर्क में आता हो बढ़ा देना चाहिए। अतः इसके लिए सिलेण्डर पर फिन्स लगाए जाते है।
सिलिण्डर पर फिन्स लगाने से इसके सतह का क्षेत्रफल बढ़ जाता है। जिससे अधिक मात्रा में वायु संपर्क में आता है तथा जिससे ऊष्मा ट्रांसफर की दर बढ़ जाता है। ये फिन या तो सिलेण्डर बैरल के साथ इकट्ठे ढाले जाते है या पृथक्क फिन्नों वाली बैरलें सिलेण्डर बैरलों के ऊपर चढ़ा दी जाती है।

**99. (b)**
प्रायः एग्जॉस्ट वॉल्व का फेस कोण $45^0$होता है।

**100. (a)**
ड्राई लाइनर में जंग नहीं लगती है क्योंकि ये पानी के सम्पर्क में नहीं रहता है। इसकी मोटाई 1.5 mm से 3mm तक होती है।

# PRACTICE SET - 2

## सामान्य ज्ञान एवं समसामयिक मुद्दे

**1. भारत का पहला चन्द्र अभियान चन्द्रयान-1 किस स्थान से लॉन्च किया गया था?**
(a) बालासोर (b) श्रीहरिकोटा
(c) तिरुवनन्तपुरम (d) व्हीलर द्वीप

**2. संतोष ट्रॉफी किससे संबंधित है?**
(a) फुटबॉल (b) क्रिकेट
(c) शतरंज (d) टेनिस

**3. यूनेस्को (UNESCO) का मुख्यालय स्थित है?**
(a) रोम में (b) जेनेवा में
(c) पेरिस में (d) न्यूयॉर्क में

**4. 'अन्तर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस' प्रतिवर्ष किस दिन मनाया जाता है ?**
(a) 10 अक्टूबर (b) 1 अगस्त
(c) 8 सितम्बर (d) 30 नवम्बर

**5. निम्नलिखित में से कौन-सी नृत्य शैली केरल से सम्बन्धित नहीं है?**
(a) भरतनाट्यम (b) कथकली
(c) मोहिनीअट्टम (d) कूड़ियाट्टम

**6. बिहार के किस तरफ के राज्य में सर्वाधिक जनसंख्या है?**
(a) पूर्व (b) पश्चिम
(c) उत्तर (d) दक्षिण

**7. बिहार में 1857 ई. की क्रांति का नेतृत्व किसने किया था?**
(a) अमर सिंह (b) कुंवर सिंह
(c) बिरसा मुंडा (d) शरीयतुल्ला

**8. पाटलिपुत्र नगर की स्थापना किसने की थी?**
(a) दशरथ (b) उदायिन
(c) बृहद्रथ (d) अशोक

**9. मियादी बुखार (Typhoid) में शरीर का मुख्य रूप से प्रभावित होने वाला अंग है–**
(a) फेफड़ा (b) तिल्ली
(c) लीवर (यकृत) (d) आँत

**10. 'पेस मेकर' संबंधित है–**
(a) वृक्क से (b) फेफड़े से
(c) हृदय से (d) मस्तिष्क से

**11. 'एंटोमोलॉजी' में किसका अध्ययन किया जाता है?**
(a) मत्स्यों का (b) सरीसृपों का
(c) स्तनधारियों का (d) कीटों का

**12. नीले लिटमस को लाल रंग में बदलता है-**
(a) अम्ल (b) भस्म
(c) क्षार (d) लवण

**13. बोर की परिकल्पना के अनुसार, *n*वें स्थिर कक्षा का कोणीय संवेग होता है-**
(a) $2\pi nh$ (b) $\frac{nh}{2\pi}$ (c) $\frac{2\pi n}{h}$ (d) $\frac{h}{2\pi n}$

**14. आयोडीन किस रूप में पाया जाता है?**
(a) द्रव्य और गैस (b) द्रव्य
(c) ठोस (d) गैस

**15. फ्यूज तार की सबसे उपयुक्त विशेषता है-**
(a) उच्च प्रतिरोध (b) पतला एवं छोटा
(c) (a) एवं (d) दोनों (d) निम्न गलनांक

**16. निम्न में से किस पदार्थ का घनत्व अधिकतम होता है?**
(a) पानी (b) काँच
(c) ताँबा (d) एल्युमीनियम

**17. रॉकेट की कार्यप्रणाली का सिद्धान्त आधारित है-**
(a) रेखीय संवेग के संरक्षण पर
(b) गति के प्रथम नियम पर
(c) ऊष्मागतिकी के तृतीय नियम पर
(d) वेग के संरक्षण पर

**18. खगोलीय दूरी मापने की इकाई क्या है?**
(a) प्रकाश-वर्ष (b) ऐंग्स्ट्रॉम
(c) वेबर (d) लक्स

**19. मिशन इन्द्रधनुष का मुख्य उद्देश्य क्या है?**
(a) शहरी परिवारों को बुनियादी सेवायें प्रदान करना।
(b) उच्च तकनीकी शिक्षा के लिये लड़कियों को प्रोत्साहित करना।
(c) समान पद के लिये समान पेंशन प्रदान करना।
(d) सभी बच्चों और गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण।

**20. किस आन्दोलन के प्रभाव में आकर, बिहार के लोगों ने 'चौकीदारी कर' देने से इंकार कर दिया था?**
(a) असहयोग आन्दोलन
(b) सविनय अवज्ञा आन्दोलन
(c) भारत छोड़ो आन्दोलन
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक

**21. 2011 की जनगणना के अनुसार, निम्नलिखित राज्यों में से किसकी ग्रामीण जनसंख्या प्रतिशत सर्वाधिक है?**
(a) पंजाब (b) कर्नाटक
(c) असम (d) झारखण्ड

**22. किसने 1913 में अनुशीलन समिति की एक शाखा की स्थापना पटना में की?**
(a) सचीन्द्रनाथ सान्याल (b) बंकिम चंद्र मित्र
(c) रघुबीर सिंह (d) उपर्युक्त में से एक से अधिक

**23. निम्नलिखित में कौन 'चल पूँजी' है?**
(a) हल-बैल (b) ट्रैक्टर
(c) खाद-बीज (d) इनमें से कोई नहीं

24. 'शताब्दी एक्सप्रेस' गाड़ी का नाम किसकी शतवार्षिकी को संबोधित करता है?
(a) महात्मा गांधी (b) भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
(c) भारतीय स्वतंत्रता युद्ध (d) जवाहरलाल नेहरू

25. 'कोडरमा' अभ्रक उत्पादक केन्द्र__ राज्य में स्थित है–
(a) छत्तीसगढ़ (b) झारखण्ड (c) बिहार (d) उत्तर–प्रदेश

26. भारत में हरित क्रांति के जनक कौन हैं?
(a) एम.एस. स्वामीनाथन (b) वर्गीज कुरियन
(c) हीरालाल चौधरी (d) डॉ. विलियम गैड

27. गंगा-ब्रह्मपुत्र डेल्टा क्षेत्र का वन निम्नलिखित में से किस नाम से जाना जाता है?
(a) मानसून वन (b) वर्षा वन
(c) पतझड़ वन (d) सुंदरवन

28. निम्नलिखित देशांतरों में से कौन-सा भारतीय मानक समय के लिए संदर्भ के रूप में माना जाता है?
(a) $82^0$30' पूर्वी (b) $82^0$30' पश्चिमी
(c) $78^0$30' पूर्वी (d) $68^0$7' पूर्वी

29. निम्न में से किसे 'डायनासोर' का कब्रिस्तान कहा जाता है?
(a) चीन (b) मोन्टाना (c) अर्जेंटीना (d) ब्राजील

30. 'विश्व का चीनी का कटोरा' किसे कहते हैं?
(a) क्यूबा (b) चिली
(c) भारत (d) हवाना

31. हेलसिन्की राजधानी है-
(a) आइसलैण्ड की (b) लिथुआनिया की
(c) लाटविया की (d) फिनलैण्ड की

32. वायुमण्डल की वह परत, जो पृथ्वी पर रेडियो प्रसारण के लिए उत्तरदायी है–
(a) क्षोभमण्डल (b) ओजोनमण्डल
(c) आयनमण्डल (d) मध्यमण्डल

33. सौर मंडल में क्षुद्रग्रह बेल्ट निम्न में से किन दो ग्रहों के बीच स्थित है?
(a) बृहस्पति और शनि (b) मंगल और बृहस्पति
(c) बुध और शुक्र (d) पृथ्वी और मंगल

34. 'योजना' किस सूची में वर्णित हैं?
(a) संघ सूची (b) राज्य सूची
(c) अवशिष्ट सूची (d) समवर्ती सूची

35. भारत के राष्ट्रीय कैलेन्डर का यह पहला मास है–
(a) माघ (b) भाद्रपद (c) कार्तिक (d) चैत्र

36. उद्देशिका में ''समाजवादी'' एवं धर्म निरपेक्ष'' शब्द जोड़े गए–
(a) 41वें संविधान संशोधन द्वारा
(b) 44वें संविधान संशोधन द्वारा
(c) 46वें संविधान संशोधन द्वारा
(d) 42वें संविधान संशोधन द्वारा

37. आपातकाल की उद्घोषणा हो, तब निम्नलिखित में से कौन-से मूल अधिकार को छोड़कर, अन्य सभी मूल अधिकारों के प्रवर्तन के लिए न्यायालय में जाने का अधिकार निलंबित रहता है?
(a) अनुच्छेद 20 और अनुच्छेद 21
(b) अनुच्छेद 21 और अनुच्छेद 22
(c) अनुच्छेद 19 और अनुच्छेद 20
(d) अनुच्छेद 15 और अनुच्छेद 16

38. पंचायत की वित्तीय स्थिति की समीक्षा कौन करता है?
(a) अकाउन्टेंट जनरल ऑफ इंडिया
(b) गवर्नर
(c) राज्य वित्त आयोग
(d) राज्य विधानसभा

39. उच्च न्यायालय के न्यायाधीश किसके द्वारा नियुक्त किए जाते हैं?
(a) राज्यपाल (b) भारत के मुख्य न्यायाधीश
(c) भारत के राष्ट्रपति (d) प्रधानमंत्री

40. राज्यपाल के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सत्य नहीं है?
(a) राज्य विधानमंडल का हिस्सा होता है।
(b) मौत की सजा को माफ कर सकता हैं।
(c) वे राज्य के उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति नहीं कर सकते।
(d) उनके पास आपातकालीन शक्तियाँ नहीं है।

41. राज्य का समूचा प्रशासन किसके नाम से चलाया जाता है?
(a) मुख्यमंत्री (b) राज्यपाल
(c) मंत्रिपरिषद् (d) मुख्य सचिव

42. भारतीय संविधान में मूल कर्त्तव्यों को जोड़ा गया था।
(a) 52वें संविधान द्वारा (b) 42वें संविधान द्वारा
(c) 44वें संविधान द्वारा (d) 51वें संविधान द्वारा

43. संविधान सभा ने संविधान का निर्माण कब पूर्ण किया?
(a) 26 जनवरी, 1950 (b) 15 अगस्त, 1947
(c) 30 जनवरी, 1948 (d) 26 नवम्बर, 1949

44. राष्ट्रीय ध्वज का डिजाइन किसने तैयार किया था?
(a) पिंगली वेंकैया (b) श्यामलाल गुप्ता
(c) रामसुंदर भंडारी (d) भीकाजी कामा

45. साम्प्रदायिक निर्वाचक का जनक किसे माना जाता है?
(a) लॉर्ड मिंटो (b) रैम्जे मैकडोनाल्ड
(c) लॉर्ड इरविन (d) वेलेजली

46. मालाबार में मोपला विद्रोह किस वर्ष हुआ था?
(a) 1928 (b) 1921
(c) 1926 (d) 1930

47. बक्सर का युद्ध किस–किस के बीच हुआ था?
(a) मीर कासिम और अंग्रेज (b) अंग्रेज और सिराजुद्दौला
(c) अंग्रेज और कुंवर सिंह (d) इनमें से कोई नहीं

48. **वास्को-डि-गामा ने भारत की खोज कब की थी?**
(a) 1496 (b) 1497 (c) 1498 (d) 1499

49. **निम्नलिखित किस मुगल शासक का मकबरा भारत में नहीं है?**
(a) औरंगजेब (b) जहाँगीर
(c) हुमायूँ (d) अकबर

50. **दिल्ली के लाल किला का निर्माण किसने करवाया था?**
(a) शाहजहाँ (b) जहाँगीर (c) औरंगजेब (d) अकबर

51. **मुगलों और मेवाड़ के बीच संधि कब हुई थी?**
(a) 1613 ई. (b) 1615 ई.
(c) 1616 ई. (d) 1611 ई.

52. **नालन्दा विश्वविद्यालय का वैभव किसके हाथों नष्ट हुआ?**
(a) अलाउद्दीन खिलजी (b) शेरशाह सूरी
(c) इब्राहिम लोदी (d) बख्तियार खिलजी

53. **विख्यात सोमनाथ मन्दिर को किसने नष्ट किया?**
(a) मोहम्मद गोरी (b) कुतुबुद्दीन ऐबक
(c) सुल्तान महमूद (d) मोहम्मद बिन कासिम

54. **चालुक्य वंश की राजधानी थी–**
(a) वातापी (b) कन्नौज
(c) मान्यखेत (d) काँची

55. **जैन धर्म के अंतिम तीर्थंकर महावीर की मृत्यु कहाँ हुई थी?**
(a) राजगृह में (b) कुण्डग्राम में
(c) सारनाथ में (d) पावापुरी में

56. **कौन आयुर्वेद के जनक के रूप में जाना जाता है?**
(a) आर्यभट्ट (b) चाणक्य
(c) वराहमिहिर (d) चरक

57. **सैंधव निवासियों के धार्मिक जीवन में निम्न में से कौन-सा तत्व विद्यमान नहीं था?**
(a) मातृदेवी की उपासना
(b) लिंग एवं योनि की पूजा
(c) पशु-पक्षी ,वृक्ष एवं नाग की पूजा
(d) विशिष्ट मूर्ति की पूजा

58. **'बिहार विभूति' (ज्वेल ऑफ बिहार) के नाम से किसे जाना जाता है?**
(a) अनुग्रह नारायण सिन्हा (b) प्रफुल्ल चाकी
(c) उपेन्द्र नारायण झा (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

59. **हाल ही में विमोचित पुस्तक ''दियासलाई'' किसकी आत्मकथा है?**
(a) कैलाश सत्यार्थी (b) अरूण शौरी
(c) अमिताभ कांत (d) पंकज मिश्रा

60. **मई, 2025 में 12वां वैश्विक अंतरिक्ष अन्वेषण सम्मेलन, 2025 कहां आयोजित किया गया?**
(a) बंगलुरू (b) नई दिल्ली
(c) श्रीहरिकोटा (d) लखनऊ

## मोटर वाहन अधिनियम एवं नियमावली तथा यातायात नियम एवं संकेत

61. **प्रतिक्रिया दूरी और ब्रेक लगाने की दूरी के योग को कहा जाता है**
(a) यात्रा की दूरी (b) गति की दूरी
(c) पार्किंग दूरी (d) रोकने की दूरी

62. **इस ट्रैफिक पुलिस के हाथ के चिन्ह का क्या मतलब है**



(a) बायीं ओर से आकर दायीं तरफ मुड़ने वाले वाहनों को रोकने के लिए
(b) आगे और पीछे दोनों ओर से आने वाले वाहनों को रोकने के लिए
(c) पीछे से आते वाहनों को रोकने के लिए
(d) आगे से आते वाहनों को रोकने के लिए

63. **मोटर यान नियमों के संबंध में निम्न मे से कोन सा कथन सत्य है?**
(a) धारा 112 में गति सीमा संबंधी नियमों का उल्लेख है
(b) धारा 116 में यातायात चिन्ह लगवाने की शक्ति का उल्लेख है
(c) धारा 117 पार्किंग स्थल व विराम स्थल का विनियमन करती है।
(d) उपर्युक्त सभी

64. **संकरा पुल के लिए यातयात चिन्ह है–**
(a)  (b) 
(c)  (d) 

65. **जब कोई वाहन बिना किसी सुरक्षा प्रहरी वाले रेलवे लाईन क्रॉसिंग के निकट हो, तो रेलवे लाईन पार करने से पूर्व वाहन चालक को**
(a) रेल के गुजरने तक प्रतीक्षा करेंगे
(b) हॉर्न देकर रेलवे क्रॉसिंग को शीघ्रताशीघ्र पार करने का प्रयास करेंगे
(c) वाहन को मार्ग के बायीं ओर रोकेंगे, वाहन से उतर कर यह सुनिश्चित करेंगे कि दोनों ओर से कोई रेल नहीं आ रही
(d) इनमें से कोई नहीं

**66. किसी व्यक्ति को परिवहन यान चलाने के लिए प्रशिक्षु अनुज्ञप्ति दी जा सकेगी**

(a) यदि उसने कम से कम 6 माह तक हल्का मोटर यान चलाने के लिए चालन अनुज्ञप्ति धारण की हो
(b) यदि उसने कम से कम 1 वर्ष तक हल्का मोटर यान चलाने के लिए चालन अनुज्ञप्ति धारण की हो
(c) परिवहन यान चलाने के लिए प्रशिक्षु अनुज्ञप्ति जारी नहीं की जाती है
(d) यदि उसने कम से कम 2 वर्ष तक हल्का मोटर यान चलाने के लिए चालन अनुज्ञप्ति धारण की हो

**67. दाएं या बाएं मुड़ते समय यह अधिक सुरक्षित है यदि आप ............... है**

(a) केवल संकेतकों का उपयोग करते
(b) केवल हाथ का संकेत दिखाते
(c) प्रकाश संकेतक और हाथ संकेत दोनों का उपयोग करते
(d) बिना कोई संकेत दिए मुड़ते

**68. इस नियमावली के किस अध्याय में 'यातायात के नियंत्रण' (Control of Traffic) से संबंधित नियम दिए गए हैं?**

(a) अध्याय V (b) अध्याय VI
(c) अध्याय VII (d) अध्याय VIII

**69. यदि किसी वाहन का बीमा प्रमाण पत्र ( घ्र्ेर्ल्हिम णीूर्ग्मीू ) वैध नहीं है, तो यह किस अधिनियम का उल्लंघन है?**

(a) बिहार मोटर वाहन नियमावली, 1992
(b) मोटर वाहन अधिनियम, 1988
(c) केंद्रीय मोटर वाहन नियमावली, 1989
(d) उपरोक्त सभी

**70. बिहार मोटर वाहन नियमावली, 1992 कब से प्रवृत्त हुई?**

(a) 15 अगस्त 1992 (b) 26 जनवरी 1993
(c) 5 दिसंबर 1992 (d) 1 अप्रैल 1992

**71. एक 'नेशनल परमिट' (National Permit) के लिए आवेदन केंद्रीय मोटर वाहन नियम, 1989 के किस फॉर्म में किया जाता है?**

(a) फॉर्म 45 (b) फॉर्म 46
(c) फॉर्म 48 (d) फॉर्म 49

**72. केंद्रीय मोटर वाहन नियम, 1989 के तहत, भारत स्टेज उत्सर्जन मानकों (Bharat Stage Emission Standards) का उल्लेख किस नियम में किया गया है?**

(a) नियम 112 (b) नियम 115
(c) नियम 118 (d) नियम 120

**73. वाहनों की बनावट और उपकरण**

(a) 80 dB (b) 90 dB
(c) 100 dB (d) 110 dB

**74. मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की किस धारा के तहत, सार्वजनिक स्थान पर मोटर वाहन चलाने के लिए कम से कम तृतीय-पक्ष देयता बीमा (Third-Party Liability Insurance) होना अनिवार्य है?**

(a) धारा 39 (b) धारा 185
(c) धारा 146 (d) धारा 112

**75. मोटर वाहन ( संशोधन ) अधिनियम, 2019 के अनुसार, हिट एंड रन के मामलों में मृत्यु की स्थिति में पीड़ित के परिवार को न्यूनतम कितना मुआवजा दिया जाएगा?**

(a) ₹ 1,00,000 (b) ₹ 5,00,000
(c) ₹ 2,00,000 (d) ₹ 50,000

**76. वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग ( हैंडहेल्ड ) करने पर संशोधित मोटर वाहन अधिनियम के तहत कितना जुर्माना लग सकता है?**

(a) ₹ 10,000 (b) ₹ 5,000
(c) ₹ 2,000 (d) ₹ 1,000

**77. निम्नलिखित कारणों में से कौनसा कारण वाहन दुर्घटना का नहीं है?**

(a) वाहन स्थिति (b) मौसम स्थिति
(c) सड़क की सतह (d) वाहन पंजीयन

**78. एयर बैग जो कि कार में चालक की सुरक्षा के लिए इस्तेमाल किया जाता है निम्न में से क्या होता है?**

(a) सोडियम बाईकार्बोनेट (b) सोडियम एजाइड
(c) सोडियम नाइट्राइड (d) सोडियम परॉक्साइड

**79. स्थान पहचान मार्ग चिन्ह होते हैं–**

(a) आयताकार में, जिसके किनारे नीले रंग के होते है
(b) त्रिभुज में, जिसके किनारे लाल रंग के होते है
(c) आयत में, जिसके किनारे लाल रंग के होते है
(d) त्रिभुज में, जिसके किनारे पीले रंग के होते है

**80. ज्ञात कीजिए कि नीचे दिए हुए वाहनों मेंसे कौन-से वाहनों की संख्या पट्टिकाओं का रंग तथा उन पर लिखी संख्या के रंग का समुच्य सही हैं। वाहनों का प्रकार, पट्टि का रंग पट्टि पर, लिखी संख्याओं का रंग**

(a) राजनयिक नीला सफेद
(b) राजनयिक सफेद नीला
(c) निजी पीला सफेद
(d) कापारिक पीला सफेद

## वाहनों के पार्ट-पुर्जे लुब्रीकेटिंग एवं रखरखाव

**81. गाड़ी की ABS प्रणाली में व्हील सेन्सर लगा होता है।**

(a) केवल आगे के व्हील पर (b) केवल पिछले व्हील पर
(c) सभी व्हील पर (d) किसी भी व्हील पर

**82. स्टीयरिंग में शोर का क्या कारण है?**

(a) उच्च फ्लयूड लेवल
(b) फ्लयूड में हवा की उपस्थिति
(c) दोषपूर्ण फ्लो कंट्रोल वाल्व
(d) दोषपूर्ण टॉर्शर्न बार

83. नीचे चित्र में टायर में किस प्रकार का दोष दिखाया गया है?



(a) ट्रीड में क्रैक
(b) केंद्र में घिसावट
(c) फीदर किनारा
(d) बॉल्ड (bald) स्पॉट घिसावट

84. एक यूनिवर्सल जोड़ का मुख्य कार्य निम्न में से क्या होता है?
(a) मेन शॉफ्ट के घूमने की गति को बदलना
(b) प्रोपेल्लर शॉफ्ट की लंबाई में बदलाव को खपाना
(c) मेन शॉफ्ट तथा प्रोपेल्लर शॉफ्ट के बीच कोण में विचलन करने की अनुमति प्रदान करना
(d) इंजन की पॉवर को केवल सीधी लाइन में अंतरिम करना

85. क्लच प्लेट चेक करने के लिए निम्न में से किसका प्रयोग किया जाता है?
(a) फाइबर गेज का (b) डैप्थ गेज का
(c) डायल गेज का (d) कैलीपर का

86. इंजन प्रारम्भ न होने की समस्या का निवारण है–
(a) एन्टी-जमाव को चेक करना
(b) बैट्री कनेक्शन को चेक करना
(c) 200 घण्टों में ईंधन फिल्टर बदलना
(d) उपरोक्त सभी

87. बैटरी चार्ज करते समय, ऋणात्मक प्लेट पर कौन-सा पदार्थ इकट्ठा हो जाता है?
(a) लेड सल्फेट
(b) लेड परॉक्साइड
(c) स्पंजी लेड (spongy lead)
(d) लेड ऑक्साइड

88. निम्न में से किस स्ट्रोक के दौरान जली हुई गैसें बाहर निकल जाती है?
(a) सक्शन (b) कम्प्रेशन
(c) पॉवर (d) एग्जॉस्ट

89. डीजल इंजन में डीजल का इंजेक्शन (injection) प्रारम्भ होता है
(a) BDC पर (b) TDC से पहले
(c) ठीक TDC पर (d) BDC से पहले

90. पम्प द्वारा तेल न खीचने का क्या कारण है?
(a) कम रेडियल क्लीयरेंस
(b) अधिक बैकलैश
(c) रिलीफ़ वाल्व का अटक जाना
(d) फ़िल्टर भर जाना

91. ईंधन, फीड पम्प के द्वारा आपूर्ति नहीं कर रहा है। इस कार्यवाही को जाना जाता है–
(a) प्राइमिंग (b) आइडलिंग
(c) ओवर फ्लो (d) ब्लीडिंग

92. इंजन के तेल का दबाव, किस पर समायोजित करते हैं
(a) मेन बियरिंग में (b) प्रैशर रिलीफ वाल्व
(c) ऑयल प्रैशर गेज में (d) डिप-स्टिक पर

93. इंजन ब्लॉक और ऑयल पम्प के बीच की पैकिंग ............की बनी होती है।
(a) कागज (b) कॉर्क
(c) ताँबा (d) एस्बेस्टस

94. एक डीजल इंजन के सक्शन स्ट्रोक के समय
(a) पेट्रोल इन्जेक्ट किया जाता है
(b) डीजल इन्जेक्ट किया जाता है
(c) डीजल तथा वायु सप्लाई की जाती है
(d) केवल वायु सप्लाई की जाती है

95. इंजेक्टर का कार्य है–
(a) डीजल सप्लाई को रोकना
(b) डीजल स्प्रे करना
(c) डिलीवरी वाल्व को खोलना
(d) इनमें कोई नहीं

96. जिस न्यूनतम तापक्रम पर तेल बहना शुरू कर दे, वह कहलाता है–
(a) फायर प्वाइंट (b) पोर प्वाइंट
(c) क्लाउड प्वाइंट (d) N.O.T.

97. ऑयल डिप–स्टिक पर निशान लगे होते हैं–
(a) लो (b) मीडियम
(c) फुल (d) 'a' तथा 'b' दोनों

98. एयर कूल्ड इंजन सिलेण्डर के बाहर बनी पंक्तियाँ कहलाती है–
(a) प्लेट (b) कैम
(c) फिन्स (d) इनमें से कोई नहीं

99. डीजल इंजन में डीजल जलता है–
(a) स्पार्क प्लग द्वारा (b) इंजेक्टर द्वारा
(c) सम्पीडन द्वारा (d) इनमें से कोई नहीं

100. निम्नलिखित में किसका बाहरी सतह फिनिश किया रहता है?
(a) वैट लाइनर (b) ड्राई लाइनर
(c) दोनों (a) एवं (b) (d) इनमें से कोई नहीं

# SOLUTION : PRACTICE SET- 2

## ANSWER KEY

### सामान्य ज्ञान एवं समसामयिक मुद्दे

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (b) | 7. (b) | 13. (b) | 19. (d) | 25. (b) | 31. (d) | 37. (a) | 43. (d) | 49. (b) | 55. (d) |
| 2. (a) | 8. (b) | 14. (c) | 20. (b) | 26. (a) | 32. (c) | 38. (c) | 44. (a) | 50. (a) | 56. (d) |
| 3. (c) | 9. (d) | 15. (c) | 21. (c) | 27. (d) | 33. (b) | 39. (c) | 45. (a) | 51. (b) | 57. (d) |
| 4. (c) | 10. (c) | 16. (c) | 22. (a) | 28. (a) | 34. (d) | 40. (b) | 46. (b) | 52. (d) | 58. (a) |
| 5. (a) | 11. (d) | 17. (a) | 23. (c) | 29. (b) | 35. (d) | 41. (b) | 47. (a) | 53. (c) | 59. (a) |
| 6. (a) | 12. (a) | 18. (a) | 24. (d) | 30. (a) | 36. (d) | 42. (b) | 48. (c) | 54. (a) | 60. (b) |

### मोटर वाहन अधिनियम एवं नियमावली तथा यातायात नियम एवं संकेत

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 61. (d) | 63. (d) | 65. (c) | 67. (c) | 69. (b) | 71. (c) | 73. (c) | 75. (c) | 77. (d) | 79. (a) |
| 62. (c) | 64. (b) | 66. (b) | 68. (d) | 70. (c) | 72. (b) | 74. (c) | 76. (b) | 78. (b) | 80. (a) |

### वाहनों के पार्ट-पुर्जे लुब्रीकेटिंग एवं रखरखाव

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 81. (c) | 83. (d) | 85. (c) | 87. (b) | 89. (b) | 91. (b) | 93. (b) | 95. (b) | 97. (d) | 99. (c) |
| 82. (b) | 84. (c) | 86. (d) | 88. (d) | 90. (b) | 92. (b) | 94. (d) | 96. (b) | 98. (c) | 100. (b) |

## SOLUTION

### सामान्य ज्ञान एवं समसामयिक मुद्दे

**1. (b)**
भारत का पहला चन्द्र अभियान चन्द्रयान-1 श्री हरिकोटा से लॉन्च किया गया था। यह मिशन 22 अक्टूबर, 2008 को PSLV रॉकेट से सतीश धवन अंतरिक्ष केन्द्र से लॉन्च किया गया था। चन्द्रयान-3 अभियान 14 जुलाई, 2023 को लाँच किया गया।

**2. (a)**
संतोष ट्राफी फुटबॉल से संबंधित है, जो राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप का प्रतीक है। 'बेगम हजरत महल ट्राफी' राष्ट्रीय महिला फुटबॉल चैंपियनशिप का प्रतीक है।

**3. (c)**
यूनेस्को (UNESCO) का मुख्यालय पेरिस (फ्रांस) में स्थित है जिसकी स्थापना वर्ष 1945 में हुई थी। यूनेस्को (संयुक्त राष्ट्र, शैक्षिक वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन) संयुक्त राष्ट्र की एक विशेष एजेंसी है, जो शिक्षा, विज्ञान एवं संस्कृति के क्षेत्र में अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग के माध्यम से शांति स्थापित करने का प्रयास करती है। यूनेस्को के अध्यक्ष आंद्रे अजोले हैं।

**4. (c)**
'अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस' प्रतिवर्ष 8 सितम्बर को मनाया जाता है। इसका उद्देश्य शिक्षा को बढ़ावा देना है और ज्यादा से ज्यादा लोगों को साक्षर होने के लिए जागरूक करना है।

**5. (a)**
भरतनाट्यम नृत्य केरल से सम्बन्धित नही है।

| **नृत्य** | **राज्य** |
|---|---|
| भरतनाट्यम | तमिलनाडु |
| कथकली | केरल |
| कुचीपुड़ी | आंध्र प्रदेश |
| मोहिनीअट्टम | केरल |
| कत्थक | उत्तर प्रदेश |

**6. (a)**
बिहार के पूर्वी हिस्से में स्थित जिलों में सबसे अधिक जनसंख्या का संकेन्द्रण है। बिहार में सर्वाधिक जनसंख्या पटना जिले की है, जबकि सर्वाधिक जनसंख्या घनत्व वाल जिला शिवहर है।

**7. (b)**
बिहार में 1857 की क्रान्ति का नेतृत्व कुंवर सिंह ने किया था। 1857 का विद्रोह 10 मई, 1857 को मेरठ से आरम्भ हुआ। इस विद्रोह का नेतृत्व भारत के विभिन्न क्षेत्रों में अलग-अलग लोगों ने किया।

**8. (b)**
पाटलिपुत्र नगर की स्थापना 5वीं शताब्दी में उदायिन द्वारा मगध की राजधानी के रूप में किया गया था। पाटलिपुत्र को अब पटना के नाम से जाना जाता है, जो बिहार की राजधानी है।

**9. (d)**
टायफायड (मियादी बुखार)से सबसे अधिक प्रभावित होने वाला अंग आँत है। यह बीमारी साल्मोनेला टाइफी नामक बैक्टीरिया के कारण होता है। इस रोग से ग्रस्त रोगियों को पेट दर्द, दस्त, कब्ज और वजन कम होने जैसी समस्याएं रहती हैं।

**10. (c)**
पेसमेकर का सम्बन्ध हृदय से है। हृदय की धड़कन को पेसमेकर नियंत्रित करता है। यह दायें अलिंद पर पाया जाता है। जब कभी पेसमेकर खराब हो जाता है, तो कृत्रिम पेसमेकर लगाया जाता है। हृदय की धड़कन का मापन 'स्टेथोस्कोप' नामक यन्त्र से किया जाता है।

**11. (d)**

जीव विज्ञान की प्रमुख शाखाएं निम्न हैं।

| | | |
|---|---|---|
| एंटोमोलॉजी | – | कीटों का अध्ययन |
| सौरोलॉजी | – | छिपकलियों का अध्ययन |
| पॉमोलॉजी | – | फलों का अध्ययन |
| एन्थोलॉजी | – | पुष्पों का अध्ययन |
| माइकोलॉजी | – | कवकों का अध्ययन |
| फाइकोलॉजी | – | शैवालों का अध्ययन |

**12. (a)**

लिटमस पेपर टेस्ट किसी मिश्रण की क्षारीय अथवा अम्लीय प्रकृति की जांच करने की प्रक्रिया में होता है। यदि लाल पेपर को मिश्रण में डुबाने पर उसका रंग नीला हो जाता है तो यह मिश्रण के 'क्षारीय' होने का संकेत है। यदि नीले लिटमस का रंग लाल हो जाता है। तो यह मिश्रण के अम्लीय होने का संकेत है।

**13. (b)**

बोर की परिकल्पना के अनुसार, nवें स्थिर कक्षा का कोणीय संवेग $\frac{nh}{2\pi}$ होता है। बोर ने हाइड्रोजन परमाणु के लिए एक मॉडल प्रस्तावित किया जो कुछ हल्के परमाणुओं के लिए भी लागू होता है। उनके अनुसार एक परमाणु में एक इलेक्ट्रॉन, विकिरण उत्सर्जित किए बिना कुछ वृत्तीय स्थिर कक्षाओं में नाभिक के चारों ओर घूम सकता है। बोर ने पाया कि इलेट्रॉन के कोणीय संवेग का परिमाण –

$$L = n\left(\frac{h}{2\pi}\right)$$

जहाँ n = 1,2,3…..n का प्रत्येक मान कक्षा की त्रिज्या के अनुमानित मान से संबंधित है।

**14. (c)**

आयोडीन एक रासायनिक तत्व है। आयोडीन हमारे आहार के प्रमुख पोषक तत्वों में से एक है और इसकी कमी से दिमाग और शरीर के विकास से जुड़ी कई बीमारियाँ होती है। यह एक ठोस रूप में पाये जाने वाला तत्व है, इसका प्रतीक I व परमाणु संख्या 53 है। यह हैलोजन परिवार का तत्व है। यह थायराइड नामक रसायन बनाने के लिए आवश्यक होता है। थायरॉइड ही शरीर के समग्र विकास को नियंत्रित करता है। आयोडीन की कमी से घेंघा नामक रोग होता है।

**15. (c)**

फ्यूज परिपथ का एक संरक्षात्मक अवयव है, जो एक नियत मात्रा से अधिक धारा बहने पर परिपथ को तोड़ देता है तथा परिपथ में स्थित अन्य मूल्यवान अवयवों को अत्यधिक धारा से खराब होने से बचाता है। फ्यूज तार का प्रतिरोध उच्च तथा गलनांक निम्न होता है। यह सीसा (37%) तथा टिन (63%) से मिलकर बना होता है।

**16. (c)**

दिए गए प्रश्न में ताँबा का घनत्व अधिकतम है। ताँबा एक नरम और उच्च तापीय और विद्युत चालकता के साथ तन्य धातु है।

| **पदार्थ** | **घनत्व** |
|---|---|
| ताँबा | 8.96 ग्राम/सेमी$^3$ |
| एल्युमीनियम | 2.7 ग्राम/सेमी$^3$ |
| काँच | 2.8 ग्राम/सेमी$^3$ |
| पानी | 1 ग्राम/सेमी$^3$ |

**17. (a)**

रॉकेट की कार्यप्रणाली का सिद्धान्त संवेग संरक्षण पर आधारित है। संवेग संरक्षण के सिद्धान्त के आधार पर- यदि किसी वस्तु पर लगने वाले कुल वाह्य बलों का मान शून्य हो तो वस्तु का कुल संवेग संरक्षित रहता है।

$$\boxed{mu + MV = \text{नियत}}$$

**18. (a)**

प्रकाश वर्ष वह दूरी है जो प्रकाश अपने निर्वात में एक वर्ष में पूरा कर लेता है। यह इकाई मुख्यतः लम्बी दूरियों तथा गैलेक्सी जैसी अन्य खगोलीय वस्तुओं की बीच की दूरी मापने में प्रयोग की जाती है।

एक प्रकाशवर्ष = $9.46 \times 10^{15}$ मीटर होता है।

**19. (d)**

मिशन इन्द्रधनुष का मुख्य उद्देश्य सभी बच्चों और गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण करना है। भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने 25 दिसम्बर 2014 को मिशन इन्द्रधनुष की शुरुआत की थी। यह एक बूस्टर टीकाकरण कार्यक्रम है जो कम टीकाकरण कवरेज वाले 201 जिलों में शुरु हुआ था। यह टीकाकरण 7 रोगों के खिलाफ 7 टीकों का प्रतिनिधित्व करता है। ये सात रोग इस प्रकार है- तपेदिक, पोलियो माइलाइटिस, हेपेटाइटिस-बी, डिप्थीरिया, पर्टुसिस, टेटनस और खसरा।

**20. (b)**

अप्रैल 1930 में गाँधी जी द्वारा चलाए गए 'सविनय अवज्ञा आन्दोलन' के प्रभाव व समर्थन में बिहार के लोगों ने 'चौकीदारी कर' देने से इंकार कर दिया था। इसी क्रम में दरभंगा, समस्तीपुर, सारण, चम्पारण, पूर्णिया, मुंगेर, पटना सहित अन्य जिलों में 'चौकीदारी कर' बंदी को एक आंदोलन के रूप में चलाया गया। सविनय अवज्ञा आंदोलन के समय ही गाँधी जी के 'नमक कानून' तोड़ने से प्रभावित होकर कुछ नेताओं ने चंपारण और सारण जिलों में नमकीन मिट्टी से नमक बनाकर नमक कानून का उल्लंघन किया था।

**21. (c)**

दिए गए विकल्पों में जनगणना 2011 के अनुसार ग्रामीण जनसंख्या का प्रतिशत असम में सर्वाधिक है। पंजाब में ग्रामीण जनसंख्या 61.3% है। कर्नाटक में ग्रामीण जनसंख्या 61.43% है। जबकि झारखण्ड की ग्रामीण जनसंख्या 76.0% है एवं असम में ग्रामीण जनसंख्या-85.9% है।

**22. (a)**
अनुशीलन समिति की एक शाखा पटना में सचिंद्र नाथ सान्याल ने 1913 में स्थापित की थी। अनुशीलन समिति एक भूमिगत ब्रिटिश विरोधी क्रांतिकारी समिति थी। इसकी स्थापना 24 मार्च 1902 को प्रमथनाथ मित्रा तथा वारिन्द कुमार घोष ने कलकत्ता में की थी।

**23. (c)**
खाद्य-बीज चल पूँजी है। चल पूँजी वह है जो एक बार उपयोग में आने पर उत्पादन से सम्बन्धित कार्य पूरा कर देती है।

**24. (d)**
'शताब्दी एक्सप्रेस' गाड़ी का नाम पं. जवाहर लाल नेहरू की शतवार्षिकी को सम्बोधित करता है। शताब्दी एक्सप्रेस वर्ष 1988 में भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू की जन्म शताब्दी के उपलक्ष्य में शुरू की गई थी। पहली शताब्दी एक्सप्रेस को नई दिल्ली से झाँसी तक के बीच प्रारम्भ किया गया था।

**25. (b)**
कोडरमा झारखण्ड में स्थित है। यह प्रचुर मात्रा में प्राकृतिक संसाधनों एवं खनिज सम्पदा से समृद्ध है। यह विश्व स्तर पर अभ्रक उत्पादन के लिए प्रसिद्ध है। इसे भारत की माइका कैपिटल भी कहा जाता है।

**26. (a)**
भारत में हरित क्रांति के जनक कृषि वैज्ञानिक एम.एस. स्वामीनाथन को माना जाता है। विश्व में हरित क्रांति के जनक नॉर्मन ई. बोरलॉग हैं। भारत में इस क्रांति की शुरुआत तृतीय पंचवर्षीय योजना के समय किया गया था। इस योजना में कृषि व उद्योग दोनों को प्राथमिकता दी गई। एम0एस0 स्वामीनाथन का निधन 28 सितंबर, 2023 को 98 वर्ष की आयु में हो गया।

**27. (d)**
गंगा-ब्रह्मपुत्र डेल्टा क्षेत्र का वन सुन्दरवन डेल्टा के नाम से जाना जाता है। यह भारत में पश्चिम बंगाल और बांग्लादेश के बीच में स्थित है तथा यह विश्व का सबसे बड़ा डेल्टा (सुंदरवन) है जो बहुत सी प्रसिद्ध वनस्पतियों और प्रसिद्ध बंगाल टाईगर का निवास स्थान है।

**28. (a)**
भारतीय मानक समय $82^{0}30'$ पूर्वी देशान्तर पर स्थित है। यह उत्तर प्रदेश के प्रयागराज के नैनी से होकर गुजरती है। भारतीय मानक समय ग्रीनविच मीन टाइम से 5 घंटे 30 मिनट आगे है।

**29. (b)**
डायनासोर का कब्रिस्तान मोन्टाना को कहा जाता है। मोंटाना, कनाडा में स्थित एक राज्य है। यहाँ से अत्यधिक मात्रा में डायनासोर की अस्थियाँ मिलने से इसका नाम 'डायनासोर का कब्रिस्तान' पड़ा।

**30. (a)**
क्यूबा – विश्व का चीनी का कटोरा
चिली – ताँबा में प्रथम उत्पादक
भारत – जूट, दुग्ध में प्रथम उत्पादक
हवाना- सिगार में प्रथम उत्पादक

**31. (d)**

| देश | | राजधानी |
|---|---|---|
| आइसलैंड | – | रिक्जेविक |
| लिथुआनिया | – | विनियस |
| लाटविया | – | रीगा |
| फिनलैंड | – | हेलसिंकी |

**32. (c)**
आयन मण्डल वायुमण्डल में 80 से 640 किमी. की ऊँचाई तक पायी जाती है। इस परत में ऊंचाई बढ़ने के साथ-साथ तापमान बढ़ने लगता है। पृथ्वी से प्रसारित होने वाली रेडियो तरंगे इस परत द्वारा परावर्तित होती है।

**33. (b)**
हमारे सौरमण्डल में क्षुद्रग्रह बेल्ट मंगल और बृहस्पति ग्रहों के बीच पाया जाता है। क्षुद्रग्रह छोटे आकाशीय पिंड होते है, जो ग्रहों की तरह सूर्य के चारों ओर परिक्रमा करते है। लेकिन उनकी तुलना में उनका द्रव्यमान बहुत कम होता है।

**34. (d)**
भारतीय संविधान के भाग–7 में तीन सूची का वर्णन किया गया है जो इस प्रकार है–
1. संघ सूची 2. समवर्ती सूची 3. राज्य सूची
समवर्ती सूची के अन्तर्गत निम्न विषय आते हैं– शिक्षा, योजना, कारखाने, समाचार पत्र, प्रदूषण, परिवार नियोजन, आर्थिक एवं सामाजिक नियोजन आदि।

**35. (d)**
'चैत्र' भारत के राष्ट्रीय कैलेन्डर (राष्ट्रीय पंचांग) का पहला माह है। राष्ट्रीय पंचांग शक संवत् पर आधारित है। राष्ट्रीय कैलेंडर की तिथियाँ ग्रेगोरियन कैलेंडर की तिथियों से स्थायी रूप से मिलती जुलती हैं, चन्द्रमा के बढ़ने व घटने के अनुसार माह में दिनों की संख्या निर्धारित होती है।

**36. (d)**
42वें संविधान संशोधन 1976 के द्वारा, प्रस्तावना में तीन नए शब्द ''समाजवादी, धर्म निरपेक्ष और अखंडता'' जोड़े गए।
- अब तक केवल एक बार प्रस्तावना में संशोधन किया गया है।

**37. (a)**
आपातकाल के उद्घोषणा के समय अनुच्छेद 20 और 21 को छोड़कर अन्य सभी मूल अधिकारों के प्रवर्तन के लिए न्यायालय में जाने का अधिकार निलम्बित रहता है।
अनुच्छेद 358 एवं 359 राष्ट्रीय आपातकाल में मूल अधिकार पर प्रभाव का वर्णन करते हैं। अनुच्छेद 358, अनुच्छेद 19 द्वारा दिये गये मूल अधिकारों के निलम्बन से सम्बन्धित है, जबकि अनुच्छेद 359 अन्य मूल अधिकारों के निलम्बन (अनुच्छेद 20 एवं 21 द्वारा प्रदत्त अधिकारो को छोड़कर) से सम्बन्धित है। संविधान का भाग-18, अनुच्छेद 352 से 360 तक आपात उपबन्धों के बारे में है। भाग 18 जर्मनी के संविधान से लिया गया है।

**38. (c)**

पंचायत की वित्तीय स्थिति की समीक्षा राज्य वित्त आयोग करता है तथा राज्यपाल को उसकी रिपोर्ट सौंपता है। राज्य वित्त आयोग एक संवैधानिक निकाय है, जिसका गठन 73वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1992 के तहत किया गया था। अनुच्छेद 280 के तहत केन्द्र के वित्त आयोग की तर्ज पर 1993 से भारत के सभी राज्यों में वित्त आयोग की स्थापना की गई। राज्य वित्त आयोग का गठन प्रत्येक 5 वर्ष पर राज्यपाल द्वारा किया गया है।

**39. (c)**

संविधान का अनुच्छेद 217 उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति का उपबंध करता है। इसके अनुसार किसी उच्च न्यायालय के किसी न्यायाधीश की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा की जाती है। यदि राष्ट्रपति आवश्यक समझता है तो उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश और उस राज्य के राज्यपाल से सलाह ली जाती है। उच्च न्यायालय में मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा भारत के मुख्य न्यायाधीश की सलाह पर की जाएगी।

**40. (b)**

राज्यपाल को न्यायिक शक्तियों के प्रयोग के अधिकार के तहत मृत्यु दण्ड के अतिरिक्त किसी दंड को क्षमा, उसका प्रबिलम्बन, विराम या परिहार करने का या लघुकरण करने का अधिकार है। भारत मे मृत्यु-दण्ड को क्षमादान में परिवर्तित करने का अधिकार केवल राष्ट्रपति को है।

**41. (b)**

राज्य का समूचा प्रशासन राज्यपाल के नाम से चलाया जाता है। संविधान के भाग 6 में राज्य के शासन के लिए प्रावधान किया गया है। राज्य की कार्यपालिका का प्रमुख राज्यपाल होता है, वह प्रत्यक्ष रूप से अथवा अधीनस्थ अधिकारियों के माध्यम से इसका उपयोग करता है अर्थात राज्यों में राज्यपाल की स्थिति कार्यपालिका के प्रधान की होती है परंतु वास्तविक शक्ति मुख्यमंत्री के नेतृत्व में मंत्रिपरिषद में निहित होती है।

**42. (b)**

भारत के मूल संविधान में मौलिक कर्तव्य का उल्लेख नहीं था। सरदार स्वर्ण सिंह समिति की अनुशंसा पर संविधान के 42वें संशोधन अधिनियम 1976 के द्वारा 10 मौलिक कर्तव्यों को जोड़ा गया। इसे भाग 4 (क) में अनुच्छेद-51 (क) के तहत रखा गया है। इसे भूतपूर्व यू.एस.एस.आर. (वर्तमान रूस) के संविधान से लिया गया है। 86वें संविधान संशोधन अधिनियम 2002 द्वारा 11वाँ मौलिक कर्तव्य जोड़ा गया। जिसमें उल्लिखित किया गया है कि माता-पिता या संरक्षक द्वारा 6 से 14 वर्ष के बच्चों हेतु प्राथमिक शिक्षा प्रदान करना है।

**43. (d)**

संविधान सभा ने संविधान का निर्माण 26 नवम्बर, 1949 को पूर्ण किया। संविधान निर्माण की प्रक्रिया में कुल 2 वर्ष, 11 माह और 18 दिन लगे। संविधान के प्रारूप पर कुल 114 दिन बहस हुई। संविधान 26 जनवरी, 1950 को लागू किया गया।

**44. (a)**

राष्ट्रीय ध्वज का डिजाइन ''पिंगली वेंकैया'' द्वारा तैयार किया गया था। सबसे पहले महात्मा गाँधी ने 1921 ई. में भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस की बैठक में राष्ट्रीय ध्वज की आवश्यकता जताई थी। 22 जुलाई, 1947 को संविधान सभा ने राष्ट्रीय ध्वज को लेकर प्रस्ताव पारित किया।

**45. (a)**

साम्प्रदायिक निर्वाचक का जनक 'लॉर्ड मिंटो' को माना जाता है। गवर्नर जनरल लॉर्ड मिंटो का शासन काल 1905 ई. से लेकर 1910 ई0 तक रहा। तत्कालीन भारत राज्य सचिव मार्ले और गवर्नर जनरल लॉर्ड मिंटो ने 1909 ई0 को भारत शासन (परिषद) अधिनियम का प्रस्ताव पेश किया था। इसमें गवर्नर जनरल लार्ड मिंटो ने मुसलमानों को पृथक निर्वाचक क्षेत्र की व्यवस्था कर 'फूट डालो और राज करो' की नीति अपनाई थी।

**46. (b)**

मोपला विद्रोह की शुरुआत केरल के मोपला किसानों ने 20 अगस्त 1921 को अंग्रेजों के पुलिस थानों को जलाने से हुई। मोपला इस क्षेत्र में रहने वाले इस्लाम धर्म में धर्मांतरित अरब एवं मलयाली मुसलमान थे। मोपला विद्रोह वस्तुतः काश्तकारों का जमींदारों के खिलाफ कर न देने का विरोध था। खिलाफत आंदोलन के नेता रहे शौकतअली, गाँधीजी और मौलाना अबुल कलाम आजाद ने मोपला विद्राहियों का समर्थन किया। विद्रोह की उग्रता को देखते हुए सरकार ने मालाबार में सैनिक शासन की घोषणा कर दी और मोपलाओं का 1921 के अंत तक बर्बरता से दबा दिया गया।

**47. (a)**

बक्सर का युद्ध 22 अक्टूबर, 1764 ई0 को अवध के नवाब शुजाउद्दौला, मुगल सम्राट् शाह आलम द्वितीय एवं बंगाल के नवाब मीर कासिम की संयुक्त सेनाओं तथा हेक्टर मुनरो के नेतृत्व में अंग्रेजी सेना के मध्य पटना के निकट बक्सर में हुआ। इसमें संयुक्त सेना पूर्ण रूप से पराजित हुई और भारत में वास्तविक रूप से ब्रिटिश प्रभुसत्ता स्थापित हुई।

**48. (c)**

वास्को-डि गामा ने भारत की खोज (यूरोप से भारत तक समुद्री मार्ग की खोज) 1498 ई. में की थी। वास्को-डि गामा एक पुर्तगाली यात्री था, जो अफ्रीका के केप ऑफ गुड होप से होकर 20 मई, 1498 ई. को भारत के कालीकट बंदरगाह पहुँचा। वास्कोडिगामा वापस जाते समय भारतीय मसालों को साथ ले गया जिससे उसे कई गुना अधिक लाभ हुआ।

**49. (b)**

मुगल शासक एवं उनका मकबराः

| | |
|---|---|
| बाबर – काबुल | जहाँगीर – लाहौर |
| हुमायूँ– दिल्ली | शाहजहाँ – आगरा |
| अकबर–सिकन्दरा | औरंगजेब – औरंगाबाद (महाराष्ट्र) |

**50. (a)**
दिल्ली के लाल किला का निर्माण मुगल बादशाह शाहजहाँ ने करवाया था। यह लाल बलुआ पत्थर से निर्मित है। वर्ष 2007 में युनेस्को द्वारा इसे एक विश्व धरोहर स्थल के रूप में चयनित किया गया था। यह भारत का प्रमुख पर्यटक स्थल भी है जो मुगलकालीन वास्तुकला का उत्कृष्ट उदाहरण है। ध्यातव्य है कि आजादी के बाद सर्वप्रथम प्रधानमंत्री नेहरू ने इस पर तिरंगा फहराकर देश के नाम संदेश दिया था।

**51. (b)**
जहाँगीर ने बादशाह बनने के बाद 1605 ई0 में आसफ खाँ, परवेज, मानसिंह तथा अब्दुल खाँ आदि को एक–एक करके मेवाड़ अभियान पर भेजा लेकिन सफलता न मिलने के कारण ये लोग वापस चले आये। 1613 ई0 में स्वयं जहाँगीर मेवाड़ जाकर कई माह तक घेरा डाले रहा किन्तु सफलता न मिलने के बाद खुर्रम को मेवाड़ अभियान का सेनापति बनाकर वापस लौट आया। खुर्रम ने मेवाड़ के शासक राणा अमर सिंह को सन्धि करने के लिये बाध्य कर दिया। अतः फरवरी 1615 ई0 में राणा अमरसिंह ने जहाँगीर की अधीनता को स्वीकार कर लिया।

**52. (d)**
नालन्दा विश्वविद्यालय का निर्माण कुमारगुप्त ने  में करवाया था। मुहम्मद गोरी के गुलाम बख्तियार खिलजी ने 12वीं शताब्दी में इसको तहस-नहस कर दिया था।

**53. (c)**
सोमनाथ मन्दिर जो भारत के 12 'ज्योतिर्लिंगों' में से एक है, गुजरात राज्य के काठियावाड़ क्षेत्र में स्थित है। सोमनाथ मन्दिर पर महमूद गजनवी ने 1025 ई0 में आक्रमण किया खजुराहो के चन्देल वंशी शासक 'विद्याधर' ने महमूद गजनवी के आक्रमणों का प्रतिरोध (विरोध) किया था।

**54. (a)**

| वंश | राजधानी |
|---|---|
| चालुक्य | वातापी |
| पल्लव | कांची |
| राष्ट्रकूट | मान्यखेत |
| वर्धन | कन्नौज |

**55. (d)**
महावीर स्वामी जैन धर्म के 24वें एवं अंतिम तीर्थंकर के रूप में जाने जाते हैं। इनका जन्म  वैशाली के निकट कुण्डग्राम में हुआ था और  मृत्यु राजगीर के निकट पावापुरी में हुई थी।

**56. (d)**
महर्षि चरक को आयुर्वेद के जनक के रूप में जाना जाता है। इनके द्वारा रचित चरक संहिता एक प्रसिद्ध आयुर्वेद ग्रंथ है। इस ग्रंथ में रोगनाशक एवं रोगनिरोधक आयुर्वेदिक दवाओं का उल्लेख है। चरक का सम्बन्ध कुषाण काल से था तथा ये बाल रोग चिकित्सा में सिद्ध हस्त थे।

**57. (d)**
सैंधव निवासियों के धार्मिक जीवन में मातृदेवी की उपासना, लिंग एवं योनि की पूजा तथा पशु-पक्षी व नाग की पूजा के तत्व विद्यमान थे जबकि विशिष्ट मूर्ति की पूजा का प्रचलन नहीं था। सिन्धु सभ्यता के लोग धरती को उर्वरता की देवी मानकर उसकी पूजा किया करते थे। सिन्धु सभ्यता में मातृदेवी की उपासना सर्वाधिक प्रचलित थी। सिन्धु घाटी के नगरों में किसी भी मंदिर के अवशेष नहीं मिले हैं।

**58. (a)**
डा. अनुग्रह नारायण सिंह को बिहार विभूती कहा जाता है। ये बेहतरीन वकील, राष्ट्रवादी राजनेता, शिक्षाविद एवं प्रशासक के रूप में जाने जाते हैं। ये चंपारण सत्याग्रह के दौरान गांधी जी के सहयोगी रहे थे। ये बिहार के पहले उपमुख्यमंत्री थे। इन्हें आधुनिक बिहार का निर्माता कहा जाता है।

**59.** (a)
'दियासलाई' नोबेल शांति पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी की आत्मकथा है। इसमें उन्होंने अपने संघर्षों और बाल अधिकारों के लिए किए गए आन्दोलन की कहानी बताई है।

**60.** (b)
मई, 2025 में 12वां ''वैश्विक अंतरिक्ष अन्वेषण सम्मेलन (GLEX) 2025' का आयोजन नई दिल्ली में किया गया। इस सम्मेलन का मुख्य विषय-'नई दुनिया तक पहुंचना : एक अंतरिक्ष अन्वेषण पुनर्जागरण' है।

## वाहनों के पार्ट-पुर्जे लुब्रीकेटिंग एवं रखरखाव

**81. (c)**
गाड़ी की ABS  प्रणाली में व्हील सेंसर सभी व्हील पर लगा होता है।

- व्हील सेंसर को व्हील स्पीड सेंसर के रूप में भी जाना जाता है।
- व्हील सेंसर का उपयोग पहियों की गति का पता लगाने के लिए किया जाता है।

**82. (b)**
स्टीयरिंग में शोर का मुख्य कारण निम्न है–
(i) फ्लूड में हवा की उपस्थिति।
(ii) स्टीयरिंग रॉकर शाफ्ट या वर्म शाफ्ट का बैंड हो जाना।
(iii) किंग पिन जाम हो जाना।
(iv) स्टीयरिंग गियर का टाइट हो जाना।
(v) स्टीयरिंग बॉक्स में वर्ग की या सैक्टर की एडजस्टमैंट खराब हो जाना।

**83. (d)**
चित्र में, टायर में बॉल्ड स्पॉट घिसावट दोष दिखाया गया है।

**84.** (c)
यूनिवर्सल जोड़ का मुख्य कार्य मेन शॉफ्ट तथा प्रोपेलर शॉफ्ट के बीच कोण विचलन करने की अनुमति प्रदान करना है।

**85. (c)**
क्लच प्लेट चेक करने के लिए डायल गेज का प्रयोग किया जाता है।

**86. (d)**
इंजन प्रारम्भ न होने की समस्या का निवारण-
(1) एन्टी जमाव को चेक करना
(2) बैटरी कनेक्शन को चेक करना
(3) 200 घण्टो में ईंधन फिल्टर बदलना
(4) फ्यूल फिल्टर पुर्जो को बदलना

**87.** (b)
बैटरी चार्ज करते समय, ऋणात्मक प्लेट पर लेड परॉक्साइड पदार्थ इकट्ठा होता है।

**88.** (d)
एग्जॉस्ट स्ट्रोक के दौरान जली हुयी गैसों को बाहर निकला जाता है।
* इंजन का कार्यकारी चक्र पिस्टन के चार या दो स्ट्रोक मे पूरा होता है। जो सक्शन, संपीडन, पॉवर तथा एग्जॉस्ट स्ट्रोक होते है।

**89.** (b)
डीजल इंजन में डीजल का इंजेक्शन TDC से पहले प्रारम्भ होता है।
डीजल इंजन 4-स्ट्रोक का वाल्व टाइमिंग–
1. इनलेट वाल्व TDC से $10^o$-$20^o$ पहले खुलता है तथा BDC $25^o$-$40^o$ के बाद बंद होता है।
2. फ्यूल वाल्व TDC से $10^o$-$15^o$ पहले खुलता है तथा TDC से $15^o$-$20^o$ के बाद बंद होता है।
3. कम्प्रेशन BDC के $25^o$-$40^o$ के बाद स्टार्ट होता है तथा TDC से $10^o$-$15^o$ पहले इंड है।
4. एक्स्पैंशन स्ट्रोक TDC के $10^o$-$15^o$ के बाद स्टार्ट होता है तथा BDC से $30^o$-$50^o$ पहले इंड होता है।
5. एग्जॉस्ट वाल्व BDC से $30^o$-$50^o$ पहले खुलता है तथा TDC से $10^o$-$15^o$ के बाद बंद होता है।

**90.** (b)
पम्प द्वारा तेल न खीचने का कारण अधिक बैकलैश हैं।

**91.** (b)
ईंधन, फीड पम्प के द्वारा आपूर्ति नही कर रहा है। इस कार्यवाही को आइडलिंग के नाम से जाना जाता है।

**92.** (b)
**प्रेशर रिलीफ वाल्वः**- जब पम्पों द्वारा ऑयल का प्रेशर आवश्यकता से अधिक हो जाता है तो प्रेशर को रिलीफ करने के लिए एक वाल्व को फिट किया जाता है जिसे प्रेशर रिलीफ वाल्व कहते है।

**93.** (b)
इंजन ब्लॉक और ऑयल पम्प के बीच की पैकिंग कार्क की बनी होती है।
- ऑयल पम्प का प्रयोग ऑयल सम्प से ऑयल इंजन के विभिन्न भागों में निश्चित दाब पर पहुँचाने में किया जाता है। यह क्रैंकशॉफ्ट पर स्थापित होता है तथा कैमशॉफ्ट द्वारा चलाया जाता है।

**94.** (d)
डीजल इंजन में सक्शन स्ट्रोक के दौरान केवल हवा (वायु) का सक्शन किया जाता है।
- डीजल इंजन, डीजल चक्र पर कार्य करता है।
- डीजल इंजन स्थिर दाब चक्र पर कार्य करता है। इसलिए इसे स्थिर दाब इंजन भी कहा जाता हैं
- डीजल इंजन का सम्पीडन अनुपात 12:1 से 24:1 तक माना जाता है। पेट्रोल इंजन मे सक्शन स्ट्रोक के दौरान पेट्रोल वायु का मिश्रण इंजन सिलेण्डर में प्रवेश करता है।

**95. (b)**
इंजेक्टर का मुख्य कार्य डीजल को स्प्रे करना होता है। डीजल इंजनों में कम्बश्चन चैम्बर की गर्म हवा में डीजल फ्यूल को छोटे–छोटे कणों में फुहार के रूप में प्रवेश कराना इंजेक्शन कहलाता है। यह इंजैक्टर द्वारा किया जाता है। इसे फ्यूल स्प्रे वाल्व या ऑटोमाइजर भी कहा जाता है। इंजेक्टर द्वारा इंजेक्शन 1500 से 2000 पौण्ड प्रति वर्ग इंच (PSI) के दबाव पर किया जाता है।

**96. (b)**
जिस न्यूनतम तापक्रम पर तेल बहना शुरू कर दे, वह तेल का पोर प्वाइंट कहलाता है। तापक्रम कम होने पर तेल द्रव अवस्था से ठोस या प्लास्टिक अवस्था में परिवर्तित होने लगता है और जिसके कारण घनीभूत (Cloudy) हो जाता है। जिस तापक्रम पर यह परिवर्तन शुरू हो जाता है उसे क्लाउड प्वाइंट कहते हैं।

**97. (d)**
ऑयल डीप–स्टिक पर लो तथा मीडियम दोनों प्रकार के निशान लगे होते है।

**98. (c)**
एयर कूल्ड इंजन सिलेण्डर में बाहर बनी पंक्तियाँ फिन्स कहलाती है। ये फिन्स या तो सिलेण्डर बैरल के साथ इकट्ठे ढाले जाते है या पृथक्क फिन्नों वाली बैरले सिलेण्डर बैरलों के ऊपर चढ़ा दी जाती है।

**99. (c)**
डीजल इंजन में डीजल को संपीडित वायु में इन्जेक्ट कराकर जलाई जाती है जबकि पेट्रोल इंजन में पेट्रोल कार्बुरेटर में पेट्रोल व वायु के मिश्रण बनाकर सिलेण्डर में स्पार्क द्वारा जलाया जाता है।

**100. (b)**
ड्राई लाइनर में बाहरी सतह फिनिश किया हुआ रहता है। इसकी बाहरी सतह ग्राइंडर के द्वारा फिनिश करनी पड़ती है ताकि वह ब्लॉक में सही तरीके से फिट हो सके।

# PRACTICE SET - 3

## सामान्य ज्ञान एवं समसामयिक मुद्दे

**1. भारत में पहली बोलती फिल्म थी:**
(a) भक्त प्रहलाद (b) राजा हरिशचंद्र
(c) आलमआरा (d) धरती के लाल

**2. 'ग्रीन पार्क' (कानपुर) किस खेल से संबंधित है?**
(a) फुटबॉल (b) क्रिकेट
(c) हॉकी (d) बास्केटबॉल

**3. संयुक्त राष्ट्र संघ स्थापित हुआ–**
(a) 1939 में (b) 1942 में
(c) 1945 में (d) 1948 में

**4. विश्व ओजोन दिवस कब मनाया जाता है?**
(a) 16 सितम्बर (b) 16 जून
(c) 23 मार्च (d) 23 जुलाई

**5. हॉर्नविल फेस्टिवल भारत के किस राज्य में मनाया जाता है?**
(a) नागालैंड (b) मिजोरम
(c) मेघालय (d) मणिपुर

**6. बिहार में बहने वाली चार नदियों में किसका उद्‌गम अमरकंटक में है?**
(a) कोयल (b) सोन
(c) पुनपुन (d) कारो

**7. मंदार पर्वत बिहार के........जिले में स्थित है–**
(a) गया (b) दरभंगा
(c) भागलपुर (d) रोहतास

**8. बिहार में पहली बार राष्ट्रपति शासन कब लगाया गया था?**
(a) 1968 (b) 1965
(c) 1970 (d) 1969

**9. बिहार का उग्र कृषक नेता कौन था?**
(a) राज कुमार शुक्ला
(b) स्वामी सहजानंद सरस्वती
(c) राजेन्द्र प्रसाद
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक

**10. एंजाइम मदद करता है–**
(a) श्वसन क्रिया में (b) भोजन पचाने में
(c) इम्यून तंत्र में (d) प्रजनन में

**11. प्रोटीन संश्लेषण होता है-**
(a) राइबोसोम में (b) माइटोकॉन्ड्रिया में
(c) कोशिकाभित्ति में (d) एंडोप्लाजमिक रेटीकुलम में

**12. किस तत्व तक अष्टक का नियम लागू पाया गया?**
(a) कैल्शियम (b) कोबाल्ट
(c) पोटैशियम (d) ऑक्सीजन

**13. न्यूट्रॉन की खोज की गयी-**
(a) चैडविक के द्वारा (b) जे.जे. थॉमसन के द्वारा
(c) रदरफोर्ड के द्वारा (d) नील्स बोर के द्वारा

**14. समांगी (सदृश) मिश्रण का उदाहरण है–**
(a) चीनी-पानी का मिश्रण (b) पीतल
(c) क्लोरोफॉर्म तथा जल (d) पेट्रोल तथा जल

**15. ट्यूबलाइट के अंदर किसका मिश्रण होता है?**
(a) मर्करी और आर्गन (b) सिल्वर और आर्गन
(c) कॉपर और आर्गन (d) टंगस्टन और आर्गन

**16. दाब बढ़ाने पर बर्फ का गलनांक :**
(a) घट जाएगा (b) बढ़ जाएगा
(c) $4^0$C हो जाएगा (d) अपरिवर्तित रहेगा

**17. किस उपकरण के उपयोग से किसी तरल पदार्थ के विशिष्ट घनत्व को मापा जाता है–**
(a) फोनोमीटर (b) हाइड्रोमीटर
(c) एमीटर (d) साइक्लोमीटर

**18. 'प्रधानमंत्री सहज बिजली हर घर योजना' का नाम है-**
(a) सौभाग्य (b) रोशनी
(c) प्रधानमंत्री बिजली वितरण योजना
(d) उज्जवला योजना

**19. मध्यकालीन बिहार में बुनियादी प्रशासनिक इकाई के रूप में 'परगना' को किसने विकसित किया ?**
(a) बख्तियार खलजी (b) इब्राहिम सूरी
(c) शेरशाह सूरी (d) अकबर

**20. भारत में अंतिम जनगणना किस वर्ष की गई थी?**
(a) 2009 (b) 2011 (c) 2010 (d) 2012

**21. ''ग्रामीण बैंक'' का संस्थापक कौन था?**
(a) मोहम्मद यूनुस (b) विनायक सेन
(c) नीरा राडिया (d) जगन मोहन रेड्डी

**22. तृतीयक क्षेत्र में सम्मिलित गतिविधि नहीं है-**
(a) व्यापार (b) यातायात
(c) संदेश वाहन (d) पशुपालन

**23. स्वर्णिम चतुर्भुज परियोजना का संबंध किसके विकास से है?**
(a) उद्योगों (b) पॉवर ग्रिड
(c) खनिज (d) राजमार्ग

**24. कुलगार्डी............ के लिए प्रसिद्ध है?**
(a) यूरेनियम (b) थोरियम
(c) हीरा (d) सोना

**25. भारत का कौन–सा राज्य चाय का सबसे बड़ा उत्पादक है?**
(a) पश्चिम बंगाल (b) केरल
(c) असम (d) तमिलनाडु

**26. नदी जो 'दक्षिण गंगा' कहलाती है, वह है -**
(a) गंगा (b) गोदावरी
(c) सिंधु (d) महानदी

**27. निम्नलिखित में से कौन भारत के साथ सबसे कम स्थलीय सीमा साझा करता है ?**
(a) बांग्लादेश (b) चीन
(c) पाकिस्तान (d) म्यांमार

**28. निम्नलिखित में से कौन, नदी की निक्षेपण क्रिया द्वारा बनता है?**
(a) मोरेन (b) लोएस (c) डेल्टा (d) भृगु

**29. ऑस्ट्रेलिया मे स्थित कालगुर्ली किसके लिए विख्यात है?**
(a) स्वर्ण उत्पादन (b) उत्तम जलवायु
(c) शिक्षा केन्द्र (d) मुर्गी पालन

**30. ब्राजील की मुद्रा है–**
(a) रूबल (b) रियल
(c) बर्र (d) यूरो

**31. निम्नलिखित में सबसे बड़ा महासागर कौन-सा है?**
(a) अटलांटिक महासागर (b) हिन्द महासागर
(c) प्रशान्त महासागर (d) मृत सागर

**32. 'उपसौर' की स्थिति बनती है-**
(a) 4 जुलाई को (b) 3 जनवरी को
(c) 21 जून को (d) 21 मार्च को

**33. भारतीय संविधान का कौन-सा भाग राज्य के नीति-निदेशक तत्वों का उल्लेख करता है ?**
(a) I (b) II
(c) III (d) IV

**34. निम्नलिखित में से किस देश का संविधान अलिखित है?**
(a) भारत (b) पाकिस्तान
(c) यू.एस.ए. (d) यू.के.

**35. भारत में 73वाँ संविधान संशोधन अधिनियम कब संसद का अधिनियम बना था?**
(a) 1990 (b) 1991
(c) 1992 (d) 1989

**36. आपातकाल की घोषणा होने के एक महीने के अंदर किस संस्था से पारित होना जरूरी है?**
(a) राज्यसभा (b) लोकसभा
(c) दोनों सदन (d) सर्वोच्च न्यायालय

**37. पंचायती राज लागू करने वाले पहले दो राज्य कौन हैं?**
(a) राजस्थान तथा महाराष्ट्र (b) राजस्थान तथा कर्नाटक
(c) कर्नाटक तथा महाराष्ट्र (d) राजस्थान तथा आंध्र प्रदेश

**38. भारत में न्यायिक पुनरीक्षण की शक्ति का प्रयोग किया जाता है–**
(a) केवल सर्वोच्च न्यायालय द्वारा
(b) सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालय के द्वारा
(c) भारत के क्षेत्र में सभी न्यायालयों द्वारा
(d) भारत के राष्ट्रपति द्वारा

**39. सन् 1942 में भारत छोड़ो आन्दोलन में बिहार के नेताओं का महत्त्वपूर्ण योगदान रहा था। बिहार के कौन-से प्रमुख नेता 'बिहार केसरी' के नाम से जाने थे और उन्होंने भारत छोड़ो आन्दोलन में सक्रिय रूप से भाग लिया था?**
(a) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद (b) श्रीकृष्ण सिंह
(c) अनुग्रह नारायण सिन्हा (d) राम मनोहर लोहिया

**40. गवर्नर को शपथ कौन दिलाता है?**
(a) मुख्यमंत्री (b) न्यायाधीश
(c) वित्तमंत्री (d) मुख्यमंत्री

**41. निम्नलिखित में से किस की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा नहीं की जाती है?**
(a) भारत के मुख्य न्यायाधीश (b) लोकसभा का अध्यक्ष
(c) वायुसेना अध्यक्ष (d) राज्यपाल

**42. भारतीय राज्यों का आजादी के बाद पुनर्गठन मुख्यतः जिस आधार पर किया गया था?**
(a) भाषायी आधार पर
(b) धार्मिक आधार पर
(c) आर्थिक आधार पर
(d) प्रथा एवं परम्पराओं के आधार पर

**43. भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की स्थापना किसने की थी?**
(a) एन. दत्त मजूमदार (b) एम. एन. रॉय
(c) सौम्येन्द्रनाथ बोस (d) एम. एन. घोष

**44. भारत की स्वतंत्रता के बाद निम्न में से कौन भारतीय गवर्नर जनरल बना था?**
(a) डॉ. राजेंद्र प्रसाद (b) चक्रवर्ती राजगोपालाचारी
(c) पुरूषोत्तमदास टंडन (d) गोविंद बल्लभ पंत

**45. आर्य समाज के संस्थापक कौन थे?**
(a) रामकृष्ण परमहंस (b) राजा राममोहन राय
(c) दयानंद सरस्वती (d) विवेकानंद

**46. निम्नलिखित में से कौन रैयतवाड़ी व्यवस्था का प्रतिपादक था?**
(a) लार्ड कार्नवालिस (b) थॉमस मुनरो
(c) सर जॉन शोर (d) वारेन हेस्टिंग्स

**47. भारत में पुर्तगालियों का पहला गवर्नर था–**
(a) अल्बुकर्क (b) डी-अल्मीडा
(c) वास्को-डि-गामा (d) बारथोलोमि दिआज्

**48. दिल्ली स्थित "जंतर-मंतर" का निर्माण किसने करवाया था?**
(a) जहाँगीर (b) अशोक
(c) हर्षवर्द्धन (d) सवाई जयसिंह

**49. फतेहपुर सीकरी को किसने बसाया?**
(a) बाबर (b) अकबर
(c) औरंगजेब (d) शाहजहाँ

**50. ताजमहल के लिए पत्थर कहाँ से लाया गया था?**
(a) अम्बेर (b) चुनार
(c) काशगढ़ (d) मकराना

**51. तुगलक वंश का अंतिम शासक कौन था?**
(a) मुहम्मद बिन तुगलक (b) नुसरत शाह तुगलक
(c) महमूद तुगलक (d) इनमें से कोई नहीं

**52. लोदी वंश की स्थापना किसने की?**
(a) हमीर (b) इब्राहिम लोदी
(c) बहलोल लोदी (d) इल्तुतमिश

**53. साँची का स्तूप किस शासक ने बनवाया था?**
(a) बिम्बिसार (b) अशोक
(c) हर्षवर्धन (d) पुष्यमित्र

**54. गौतम बुद्ध के संवादों की भाषा क्या थी?**
(a) प्राकृत (b) पालि (c) मगधी (d) संस्कृत

**55. उपनिषदों को वेदान्त के रूप में भी जाना जाता है। उनकी.......संख्या।**
(a) 96 (b) 105 (c) 108 (d) 112

**56. हड़प्पा सभ्यता के औजार व हथियार अधिकतर बने होते थे–**
(a) पाषाण मात्र (b) पाषाण व ताम्र
(c) ताम्र कांस्य व लौह (d) ताम्र, टिन तथा कांस्य

**57. सैंधव सभ्यता का सबसे बड़ा स्नानागार कहाँ से मिला था?**
(a) मोहनजोदड़ो (b) कालीबंगा
(c) हड़प्पा (d) रोपड़

**58. हाल ही में भारत सरकार ने छोटे किसानों को सशक्त बनाने के लिए कितने किसान उत्पादक संगठन ( FPO ) लॉन्च किए है?**
(a) 5000 (b) 10000
(c) 15000 (d) 20000

**59. मई, 2025 में भारतीय वायुसेना के नए उपप्रमुख के रूप में किसने पदभार ग्रहण किया?**
(a) एयर मार्शल संजीव सिंह
(b) एयर मार्शल नर्मदेश्वर तिवारी
(c) एयर मार्शल देवेन्द्र सिंह
(d) इनमें से कोई नहीं

**60. हाल ही में ICC चैम्पियन ट्रॉफी 2025 का खिताब किसने जीता?**
(a) भारत (b) न्यूजीलैण्ड
(c) पाकिस्तान (d) आस्ट्रेलिया

## मोटर वाहन अधिनियम एवं नियमावली तथा यातायात नियम एवं संकेत

**61. आपके वाहन के निकास में ............. होता है**
(a) ऑक्सीजन नाइट्रोजन हाइड्रोजन
(b) कार्बन डाइऑक्साइड एंड नाइट्रोजन और पानी
(c) कार्बन मोनोऑक्साइड नाइट्रोजन ऑक्साइड और हाइड्रोकार्बन
(d) कार्बन मोनोऑक्साइड नाइट्रोजन ऑक्साइड और हाइड्रोजन

**62. साईन बोर्ड पर "Do Not Enter When Flooded" लिखे होने का आशय है–**
(a) वाहन को तेज गति से चला कर बाढ़ आने से पहले प्रवेश करना है
(b) जब बाढ़ हो तब प्रवेश न करें
(c) बारिश होने पर प्रवेश न करें
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**63. हरी बत्ती के बाद कौन सी लाईट जलती है–**
(a) नीली (b) लाल
(c) नारंगी (d) पीली

**64. लाल यातायात बत्तीसंकेत करती हैः Red traffic light indicates**
(a) वाहन की गति कम करें
(b) वाहन नहीं रोके
(c) सावधानी रखते हुए आगे बढ़े
(d) वाहन रोके

**65. कौन-सी लाइट पीछे ट्रैफिक के वाहन की गति धीमी करने का संकेत देती है?**
(a) स्टाप लाईट (b) फोग लाईट
(c) डोम लाईट (d) हैड लाईट

**66. ड्राइविंग नियम में एमएसएम का क्या मतलब है?**
(a) टायर की चौड़ाई (b) बीड गोले का डायमीटर
(c) थ्रेड की रेडियस (d) शोल्डर की चौड़ाई

**67. अगर आपकी गाड़ी रात के समय खराब हो जाती है तो**
(a) रुके हैंड ब्रेक का उपयोग करें और खतरनाक चेतावनी प्रकाश प्रदर्शित करे
(b) रुके और लाल बत्ती दिखाएं
(c) वाहन छोड़ें
(d) बस वाहन रोके और बाहर न निकले

**68. सार्वजनिक सेवा वाहन (Public Service Vehicle) के चालक के लिए बैज (Badge) प्राप्त करने हेतु आवेदन किस फॉर्म में किया जाता है?**
(a) फॉर्म LL (b) फॉर्म PSV1
(c) फॉर्म R.K. (d) फॉर्म LLD

**69. अस्थायी पंजीकरण (Temporary Registration) की अधिकतम अवधि क्या होती है?**
(a) 1 महीना (b) 3 महीने
(c) 6 महीने (d) 1 वर्ष

**70. फिटनेस प्रमाण पत्र (Fitness Certificate) के नवीनीकरण के लिए आवेदन किस फॉर्म में किया जाता है?**
(a) फॉर्म 20 (b) फॉर्म 38
(c) फॉर्म 40 (d) फॉर्म 25

**71. 'हिट एंड रन' (Hit and Run) दुर्घटना के पीड़ितों को मुआवजा देने के लिए एक 'मोटर वाहन दुर्घटना दावा निधि' (Motor Vehicles Accident Claims Fund) का प्रावधान मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की किस धारा के तहत किया गया है, और इससे संबंधित विस्तृत नियम CMVR 1989 में हैं?**
(a) धारा 140 (b) धारा 161
(c) धारा 163 A (d) धारा 166

**72. एक लर्नर लाइसेंस (Learner's Licence) के लिए आवेदन किस फॉर्म में किया जाता है?**
(a) फॉर्म 1 (b) फॉर्म 2
(c) फॉर्म 3 (d) फॉर्म 4

**73. यदि किसी वाहन का मूल पंजीकरण प्रमाण पत्र (Original RC) खो जाता है, तो डुप्लीकेट प्रमाण पत्र के लिए किस फॉर्म में आवेदन किया जाता है?**
(a) फॉर्म 25 (b) फॉर्म 26
(c) फॉर्म 29 (d) फॉर्म 30

**74. मोटर वाहन अधिनियम की किस धारा के तहत वाहनों की ओवरलोडिंग निषिद्ध है?**
(a) धारा 122 (b) धारा 113
(c) धारा 130 (d) धारा 66

**75. मोटर वाहन अधिनियम, 1988 के तहत 'ई-रिक्शा' या 'ई-गाड़ी' की परिभाषा में अधिकतम मोटर पावर कितनी निर्धारित की गई है?**
(a) 8 किलोवाट से अधिक नहीं (b) 250 वाट से अधिक नहीं
(c) 4 किलोवाट से अधिक नहीं (d) 2 किलोवाट से अधिक नहीं

**76. यदि कोई वाहन चालक कानून प्रवर्तन अधिकारी (Law Enforcement Officer) के वैध निर्देशों का पालन नहीं करता है, तो संशोधित अधिनियम के तहत कितना जुर्माना है?**
(a) ₹ 1,000 (b) ₹ 2,000
(c) ₹ 500 (d) ₹ 5,000

**77. एक वाहन का पंजीकरण अधिकतम कितने साल के लिए होता है?**

(a) 5 साल (b) 7 साल
(c) 9 साल (d) 15 साल

**78. सड़क के किनारे पीले रंग का मील पत्थर किसको दर्शाता है?**

(a) राष्ट्रीय राजमार्ग (b) राज्य राजमार्ग
(c) ग्रामीण सड़क (d) इनमें से कोई नहीं

**79. गोलाकार मार्ग में घुसने पर किसको मार्गाधिकार है?**

(a) गोलाकार मार्ग में घुसने वाला यातायात का
(b) आपकी दायीं ओर से यातायात का जो पहले ही गोलाकार मार्ग में है
(c) पैदल चलने वाले का
(d) साइकल चालक का

**80. यातायात का पथ की चौड़ाई कितनी होती है?**

(a) 14 फुट (b) 10 फुट
(c) 11 फुट (d) 12 फुट

## वाहनों के पार्ट-पुर्जे लुब्रीकेटिंग एवं रखरखाव

**81. फ्रण्ट इंजन रियर ड्राइविंग (FR) कार में सामान्यतः ABS प्रयोग में लाई जाती है**

(a) चार चैनल, चार सेन्सर (b) तीन चैनल, चार सेन्सर
(c) तीन चैनल, तीन सेन्सर (d) एक चैनल, एक सेन्सर

**82. आजकल व्हीकल में किस स्टीयरिंग मैकेनिज्म का प्रयोग किया जाता है?**

(a) डेविस (b) एकरमैन
(c) ओवर हैड (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**83. टायर की एक साइड में घिसावट का क्या कारण है?**

(a) अनुचित कैम्बर (b) अनुचित कैस्टर
(c) अधिक हवा का दबाव (d) कम हवा का दबाव

**84. यूनिवर्सल ज्वॉइण्ट प्रयोग कर सकते हैं**

(a) स्टीयरिंग शाफ्ट में (b) बियरिंग कैंप में
(c) प्रोपेलर शाफ्ट में (d) रबर बुशों में

**85. डीजल इंजन का फ्लाईव्हील निम्न से किस धातु का बना होता है?**

(a) लकड़ी का (b) एल्युमीनियम का
(c) पीतल का (d) स्टील का

**86. सर्दियों में डीजल इंजन को स्टार्ट (start) करने के लिए किसका प्रयोग करते हैं?**

(a) ग्लो प्लग (b) ईंधन पम्प
(c) प्रिमिंग पम्प (d) लिफ्ट पम्प

**87. निम्नलिखित में से चार्जिंग सर्किट का घटक कौन-सा है?**

(a) हाइड्रोमीटर (b) डायनमो
(c) स्टार्टर (d) स्पीडोमीटर

**88. इंजन के एग्जॉस्ट सिस्टम में क्या सम्मिलित रहता है?**

(a) एग्जॉस्ट वॉल्व (b) साइलेन्सर
(c) एग्जॉस्ट मैनिफोल्ड (d) उपरोक्त सभी

**89. दोषपूर्ण ईंधन इंजेक्टर का प्रभाव क्या है?**

(a) इंजन स्टार्ट नहीं होता है
(b) इंजन ओवरहीट हो जाता है
(c) उच्च ईंधन प्रेशर
(d) उच्च ऑयल प्रेशर

**90. फिल्टर साफ करने के लिए हवा का दबाव देते समय प्रयोग करते हैं–**

(a) रोलर (b) जाली
(c) सक्शन वाल्व (d) प्लग

**91. क्षतिग्रस्त पिस्टन का कारण निम्न है?**

(a) कनेक्टिंग रॉड और ब्रुश छोटा तथा ढीला
(b) रिंग को लगाते समय उचित रूप में संपीडित नहीं किया
(c) अत्यधिक रिंग ग्रूव स्पभटता
(d) अत्यधिक रिंग छोर स्पभटता

**92. इंजन शीतलन प्रणाली में रेडिएटर ढक्कन का क्या कार्य है?**

(a) जल का उबाल बिन्दु बढ़ाना
(b) जल का उबाल बिन्दु घटाना
(c) जल का परिवहन वेग बढ़ाना
(d) स्केल निर्माण रोकना

**93. 'क्रैंकशॉफ्ट' निम्न में से किस धातु का बना होता है**

(a) स्टेनलेस स्टील (b) माइल्ड स्टील
(c) कास्ट स्टील (d) निकिल स्टील

**94. आमतौर पर 4-स्ट्रोक डीजल इंजन में इनलेट वाल्व .............. खुलती है।**

(a) 10º TDC से पहले (b) 20º TDC से पहले
(c) 30º TDC से पहले (d) 40º TDC से पहले

**95. ऑयल प्रेशर गेज लगा होता है-**

(a) फ्यूल टैंक पर (b) डैशबोर्ड पर
(c) क्लैशर यूनिट के साथ (d) इनमें से कोई नहीं

**96. क्रूड ऑयल से क्या बनाये जाते हैं?**

(a) पेट्रोल (b) डीजल
(c) गियर ऑयल (d) उपरोक्त सभी

**97. लुब्रीकेशन ऑयल को किस प्रकार ठण्डा किया जाता है?**

(a) फिल्टर चोक से (b) ऑयल कूलर से
(c) क्रैंक केस वैन्टीलेशन से (d) इनमें से कोई नहीं

**98. रेडिएटर प्रायः किस धातु से बनाए जाते हैं?**

(a) ताँबा (b) पीतल
(c) लोहा (d) 'a' तथा 'b' दोनों

**99. इंजन में स्माल इंड बियरिंग होती है–**

(a) एक बॉल बियरिंग (b) एक रॉलर बियरिंग
(c) एक बुश बियरिंग (d) कालर बियरिंग

**100. 'सिलेंडर लाइनर' प्रयोग होता है–**

(a) घिसे सिलेंडर की रिपेयर करने के लिए
(b) सिलेंडर पर मार्किंग के लिए
(c) सिलेंडर को मजबूती देने के लिए
(d) सिलेंडर की सही नाप लेने के लिए

# SOLUTION : PRACTICE SET- 3

## ANSWER KEY

### सामान्य ज्ञान एवं समसामयिक मुद्दे

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (c) | 7. (c) | 13. (a) | 19. (c) | 25. (c) | 31. (c) | 37. (d) | 43. (b) | 49. (b) | 55. (c) |
| 2. (b) | 8. (a) | 14. (a) | 20. (b) | 26. (b) | 32. (b) | 38. (b) | 44. (b) | 50. (d) | 56. (d) |
| 3. (c) | 9. (b) | 15. (a) | 21. (a) | 27. (d) | 33. (d) | 39. (b) | 45. (c) | 51. (d) | 57. (a) |
| 4. (a) | 10. (b) | 16. (a) | 22. (d) | 28. (c) | 34. (d) | 40. (b) | 46. (b) | 52. (c) | 58. (b) |
| 5. (a) | 11. (a) | 17. (b) | 23. (d) | 29. (a) | 35. (c) | 41. (b) | 47. (b) | 53. (b) | 59. (b) |
| 6. (b) | 12. (a) | 18. (a) | 24. (d) | 30. (b) | 36. (c) | 42. (a) | 48. (d) | 54. (b) | 60. (a) |

### मोटर वाहन अधिनियम एवं नियमावली तथा यातायात नियम एवं संकेत

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 61. (c) | 63. (d) | 65. (a) | 67. (b) | 69. (a) | 71. (b) | 73. (b) | 75. (c) | 77. (d) | 79. (b) |
| 62. (b) | 64. (d) | 66. (a) | 68. (b) | 70. (b) | 72. (b) | 74. (b) | 76. (b) | 78. (a) | 80. (d) |

### वाहनों के पार्ट-पुर्जे लुब्रीकेटिंग एवं रखरखाव

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 81. (b) | 83. (a) | 85. (d) | 87. (b) | 89. (a) | 91. (a) | 93. (d) | 95. (b) | 97. (b) | 99. (c) |
| 82. (b) | 84. (a) | 86. (a) | 88. (d) | 90. (d) | 92. (a) | 94. (a) | 96. (d) | 98. (d) | 100. (a) |

## SOLUTION

### सामान्य ज्ञान एवं समसामयिक मुद्दे

**1. (c)**
आलमआरा वर्ष 1931 में बनी। हिन्दी भाषा और भारत की पहली सवाक (बोलती) फिल्म थी। इस फिल्म के निर्देशक अर्देशिर ईरानी थे। दादा साहब फाल्के के निर्देशन में भारत की पहली मूक फिल्म हरिश्चन्द्र थी जोकि वर्ष 1913 को रिलीज हुई थी।

**2. (b)**
'ग्रीन पार्क' स्टेडियम कानपुर, उत्तर प्रदेश में स्थित 32,000 दर्शक क्षमता वाला क्रिकेट का मैदान है। जहाँ पर अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच का आयोजन किया जाता है। इस स्टेडियम की स्थापना सन् 1945 में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा की गयी। ग्रीन पार्क स्टेडियम का प्रचालन उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा किया जाता है।

**3. (c)**
संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना 24 अक्टूबर, 1945 को हुई थी। उस समय संयुक्त राष्ट्र संघ के संस्थापक सदस्य देशों की संख्या 51 थी। वर्तमान में संयुक्त राष्ट्र संघ के सदस्य देशों की संख्या 193 है। वर्ष 2011 में 193वाँ देश दक्षिणी सूडान बना। संयुक्त राष्ट्र संघ का मुख्यालय 'न्यूयॉर्क' शहर में स्थित है। इसकी आधिकारिक भाषायें अंग्रेजी फ्रेंच, रूसी स्पैनिश, अरबी और मंदारिन हैं।

**4. (a)**
विश्व ओजोन दिवस 16 सितम्बर को मनाया जाता है। 16 सितम्बर 1987 को ओजोन परत को नष्ट करने वाले पदार्थों पर रोक लगाने के लिए मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर किये गये थे।

**5. (a)**
भारत के उत्तर-पूर्वी राज्य नागालैण्ड में प्रत्येक वर्ष 1 दिसम्बर से 10 दिसम्बर तक 'हॉर्नविल त्योहार' मनाया जाता है। इस त्योहार में लोग रंगीन शिल्प प्रदर्शन, खेल, भोजन, मेलों और समारोहों का आनंद लेते हैं।

**6. (b)**
सोन नदी अमरकंटक से निकलती है। यह गंगा के दाहिने तट पर मिलने वाली एक प्रमुख सहायक नदी है। इसके रेत में सोने के कण पाये जाते हैं, इसलिए इसे स्वर्ण नदी भी कहा जाता है। इसकी लम्बाई 780 किमी. है। सोन की मुख्य सहायक नदियाँ कनहर, रिहंद व उत्तरी कोयल हैं।

**7. (c)**
मंदार पर्वत बिहार के भागलपुर जिले में स्थित है। हिंदू धर्म के पौराणिक ग्रंथों में मंदार पर्वत का विशेष (धार्मिक) महत्व है। ऐसी मान्यता है, कि जब देवताओं और असुरों द्वारा समुद्र मंथन किया गया था तो मंदार पर्वत को मथनी के रूप में प्रयोग किया गया है।

**8. (a)**
वर्ष 1968 में बिहार में पहली बार राष्ट्रपति शासन लगाया गया था। उस समय बिहार के मुख्यमंत्री भोला पवन शास्त्री थे। बिहार में अब तक 8 बार राष्ट्रपति शासन लगाया जा चुका है।

**9. (b)**
स्वामी सहजानंद सरस्वती को बिहार का उग्र कृषक नेता कहा जाता है। अपनी विद्रोही गतिविधियो के कारण इन्हे 1922-23 में गाजीपुर, बनारस, फैजाबाद तथा लखनऊ जेलों में रहना पड़ा। आरंभ में इनका कार्यक्षेत्र बक्सर, भभुआ तथा शाहबाद था, परन्तु 1924 के बाद से सम्पूर्ण बिहार में प्रसिद्ध हो गए। 1927 में बिहार (पटना) में 'सीताराम आश्रम' को केन्द्र बनाकर अपनी गतिविधियों का संचालन किया। इन्हें अखिल भारतीय किसान सभा के पहले सत्र का अध्यक्ष चुना गया।

**10. (b)**
एंजाइम भोजन पचाने में मदद करता है। एंजाइम एक प्रकार के जैविक उत्प्रेरक होते हैं जो जैव रासायनिक अभिक्रियाओं की दर को बढ़ा देते हैं। संरचनात्मक रूप से सभी एंजाइम प्रोटीन से निर्मित होते हैं।

**11. (a)**
प्रोटीन संश्लेषण में राइबोसोम महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है। अर्थात् यह प्रोटीन का उत्पादन स्थल है, इसलिए इसे प्रोटीन फैक्ट्री भी कहा जाता हैं। राइबोसोम आकार एवं अवसादन गुणांक के आधार पर दो प्रकार के होते हैं।

i 70S राइबोसोम

ii 80S राइबोसोम

- 70S राइबोसोम जीवाणु, हरित लवक एंव माइटोकॉण्ड्रिया में पाये जाते हैं।
- प्रोटीन संश्लेषण के समय कई राइबोसोम एक m-RNA के ऊपर एकत्र रहते है, इस समय इन्हें पॉलिसोम या पॉलिराइबोसोम कहते हैं।

**12. (a)**
वर्ष 1864 में वैज्ञानिक जॉन एलेक्जैंडर न्यूलैंड्स ने अष्टक का नियम प्रतिपादित किया। इस नियम के अनुसार तत्वों को परमाणु द्रव्यमान के बढ़ते क्रम में व्यवस्थित किया जाता है तो प्रत्येक आठवें तत्व के गुण शुरुआती तत्व के गुणों की पुनरावृत्ति होते हैं। उदाहरण के लिए पहला तत्व लिथियम (Li) के गुण आठवें तत्व सोडियम (Na) के समान है। न्यूलैंड्स का अष्टक नियम केवल कैल्शियम तत्व तक ही लागू होता है।

**13. (a)**

| **कण** | | **खोजकर्ता** |
|---|---|---|
| इलेक्ट्रॉन | – | जे.जे. थॉमसन |
| प्रोटॉन | – | गोल्डस्टीन(रदरफोर्ड ने नाम रखा) |
| न्यूट्रॉन | – | जेम्स चैडविक |

**14. (a)**
समांगी मिश्रण दो या दो से अधिक पदार्थों का एक प्रकार का मिश्रण होता है, जिसमें मूल पदार्थों को अलग नहीं किया जा सकता है। ये एक से अधिक घटकों से बने होने के बावजूद पूरी तरह से एक समान दिखाई देते है। जैसे- चीनी-पानी का मिश्रण, पानी और शराब का मिश्रण, गन पाउडर आदि का मिश्रण।

**15. (a)**
प्रदीप्त बत्ती या प्रदीप्त नलिका एक गैस-डिस्चार्ज बत्ती है जिसमें पारे के वाष्प को इक्साइट करने के लिए विद्युत विभव का उपयोग किया जाता है। यह समान मात्रा में प्रकाश पैदा करने के लिए साधारण बल्ब की तुलना में कम बिजली उपयोग करता है। किन्तु इनका आकार बड़ा होता है। इसमें मर्करी की एक सूक्ष्म मात्रा भी होती है जो पर्यावरण को नुकसान पहुँचाती है। इसमें आर्गन गैस भरी रहती है।

**16. (a)**
गलनांक वह ऊष्मीय मान होता है जिस पर कोई ठोस द्रव में बदल जाता है। दाब बढ़ाने पर बर्फ का गलनांक घट जायेगा। वायुमण्डलीय दाब पर बर्फ का गलनांक $0^oC$ होता है।

**17. (b)**

| **उपकरण** | **मापन** |
|---|---|
| फोनोमीटर | ध्वनि तीव्रता |
| हाइड्रोमीटर | तरल पदार्थ का विशिष्ट घनत्व |
| एमीटर | विद्युत धारा |
| हाइग्रोमीटर | वायुमण्डल की आर्द्रता |

**18. (a)**
प्रधानमंत्री सहज बिजली हर घर योजना, जिसे 'सौभाग्य योजना' कहते हैं, सभी गैर-विद्युतीकृत घरों को बिजली प्रदान करने के लिए भारत सरकार की एक परियोजना है। इस परियोजना को भारत सरकार द्वारा 25 सितंबर, 2017 को शुरु किया गया था।

**19.(c)**
मध्यकालीन बिहार में बुनियादी प्रशासनिक इकाई के रूप में परगना को ''शेरशाह सूरी'' ने विकसित किया था।
शेरशाह सूरी ने परगना प्रशासन को विकसित करने के लिए निम्नलिखित अधिकारियों को नियुक्त किया था।
* ''शिकदार''– पुलिस प्रमुख, इसके साथ सैनिक दस्ता होता था।
* '' मुंसिफ''– भूमि की माप व लगान व्यवस्था की देखभाल।
* फोतदार – परगने का खजांची।
* कारकून – हिसाब किताब लिखना (रिकॉर्ड कीपर)।

**20. (b)**
भारत में अंतिम जनगणना वर्ष 2011 में की गई थी। वर्ष 2011 तक, भारत की जनगणना 15 बार आयोजित की जा चुकी है। पहली बार जनगणना वर्ष 1872 में ब्रिटिश वायसराय लॉर्ड मेयो के अधीन की गयी थी। भारत की पहली पूर्ण जनगणना 1881 में हुई थी। वर्ष 1951 के बाद सभी जनगणनाएँ वर्ष 1948 के जनगणना अधिनियम के तहत की गई।

**21. (a)**
'ग्रामीण बैंक' के संस्थापक बांग्लादेश के मोहम्मद यूनुस थे। इनको सन् 2000 में भारत सरकार द्वारा गांधी शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

**22. (d)**
पशुपालन तृतीयक क्षेत्र के अन्तर्गत नहीं आता है। यह प्राथमिक क्षेत्र के अर्न्तगत आता है।

**प्राथमिक क्षेत्र**-कृषि, वानिकी, मछली पकड़ना और खनन।

**द्वितीयक क्षेत्र**-विद्युत उपकरण, निर्माण, खाद्य निर्माण, कपड़ा उत्पादन, हस्तशिल्प और उद्योग।

**तृतीयक क्षेत्र**-परिवहन, संचार, बैंक सेवाएँ और व्यापार आदि।

**23. (d)**
स्वर्णिम चतुर्भुज परियोजना का संबंध राजमार्गों के विकास से है। स्वर्णिम चतुर्भुज योजना 5846 किमी. लंबी सड़क का नेटवर्क बनाने की परियोजना है। जो दिल्ली, मुंबई, कोलकाता और चेन्नई को आपस में जोड़ती है। इसे वर्ष 1999 में प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी द्वारा शुरू किया गया था।

**24. (d)**
कुलगार्डी में विश्व प्रसिद्ध स्वर्ण खानें हैं। जो पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया में स्थित है। वर्तमान में चीन स्वर्ण उत्पादन में प्रथम तथा ऑस्ट्रेलिया द्वितीय स्थान पर हैं।

**25. (c)**
भारत के पूर्वोत्तर में स्थित असम राज्य चाय का सबसे बड़ा उत्पादक राज्य है। यहाँ से देश का कुल चाय उत्पादन का लगभग 50% भाग प्राप्त होता है। इसके अतिरिक्त पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग, कूचबिहार तथा जलपाईगुड़ी जिलों, उत्तराखण्ड में गढ़वाल, कुमायूँ, नैनीताल तथा अल्मोढ़ा जिलों के पहाड़ी ढालों पर तथा हिमाचल प्रदेश की कुल्लू घाटी में भी चाय की कृषि की जाती है। दक्षिण

भारत में तमिलनाडु सर्वाधिक चाय उत्पादन करने वाला राज्य है। केरल, कर्नाटक तथा महाराष्ट्र के पर्वतीय ढालों पर भी चाय की कृषि की जाती है।

चाय के उत्पादन के लिए भौगोलिक दशाओं में 150–300 सेमी० वार्षिक या अधिक वर्षा और $20^0C$ से $30^0C$ का उच्च तापमान आवश्यक है।

**26. (b)**

गोदावरी नदी को 'दक्षिण गंगा' के नाम से जाना जाता है। यह प्रायद्वीपीय भारत की सबसे बड़ी नदी है। यह नदी लगभग 1465 किमी. लम्बी है।

**27. (d)**

प्रश्नगत विकल्पों में से भारत की स्थलीय सीमा म्यांमार देश के साथ सबसे कम स्पर्श करती (1643 किमी.) है। भारत भूटान, अफगानिस्तान, चीन, पाकिस्तान, म्यांमार, बांग्लादेश और नेपाल के साथ अपनी स्थलीय सीमा साझा करता है। भारत की स्थलीय सीमा 15,106.7 किलोमीटर और जलीय सीमा 7,516.6 किलोमीटर है। पड़ोसी देशों के साथ इसकी स्थलीय सीमा की लम्बाई इस प्रकार है।

| पड़ोसी देश | लम्बाई (किलोमीटर) |
|---|---|
| नेपाल | 1751 |
| भूटान | 699 |
| अफगानिस्तान | 106 |
| बांग्लादेश | 4,096.7 |
| चीन | 3488 |
| म्यांमार | 1,643 |
| पाकिस्तान | 3,323 |

**28. (c)**

जब प्रवाहित नदी के द्वारा अपरदित कण इकट्ठा होकर भू आकृति का निर्माण करते है तो इस प्रक्रिया को निक्षेपण की क्रिया कहते है एवं इससे निर्मित आकृति को डेल्टा कहते हैं। उदाहरण के लिए गंगा ब्रह्मपुत्र नदी द्वारा विकसित सुंदरबन डेल्टा, परित्यक्त डेल्टा, चापाकार, पंजाकार आदि डेल्टा के प्रमुख प्रकार है।

**29. (a)**

पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया में अवस्थित कालगुर्ली स्वर्ण-उत्पादन के लिए विख्यात है। इसके अतिरिक्त कूलगार्डी, विक्टोरिया, क्वींसलैण्ड आदि भी ऑस्ट्रेलिया में स्वर्ण उत्पादन हेतु प्रसिद्ध हैं। ऑस्ट्रेलिया स्वर्ण उत्पादन में विश्व में दूसरे स्थान पर है। विश्व में सोने के उत्पादन में चीन का प्रथम स्थान है।

**30. (b)**

देश एवं उनकी मुद्राएँ निम्नवत् है-

| **देश** | **मुद्रा** |
|---|---|
| ब्राजील – | ब्राजीलियाई रियल |
| रूस – | रूबल |
| इथियोपिया– | बिर्र |
| ईरान – | ईरानी रियाल |

**31. (c)**

प्रशांत महासागर सबसे बड़ा तथा गहरा महासागर है, जो अमेरिका और एशिया को पृथक करता है। इसका क्षेत्रफल 6,36, 34000 वर्ग मील है, जो दूसरे सबसे बड़े महासागर अटलांटिक का दोगुना है। इसके बाद क्रमशः हिन्द महासागर, दक्षिणी महासागर तथा आर्कटिक महासागर का स्थान है।

**32. (b)**

**उपसौर की स्थिति** – पृथ्वी जब सूर्य के चक्कर लगाते हुए उसके सबसे निकट होती है, तो उसे उपसौर कहते है। यह स्थिति प्रतिवर्ष 3 जनवरी को बनती हैं।

**अपसौर** – पृथ्वी जब सूर्य से अधिकतम दूरी पर होती है, तो उसे अपसौर कहते हैं। ऐसी स्थिति 4 जुलाई को होती हैं।

**33. (d)**

भारतीय संविधान का भाग-IV राज्य के नीति निदेशक तत्वों का उल्लेख करता है। राज्य के नीति-निदेशक तत्व की अवधारणा आयरिश संविधान से ली गई है। इस भाग में नीति-निदेशक सिद्धांतों को उल्लेख अनुच्छेद 36 से 51 तक किया गया है। निदेशक सिद्धांत न्यायालय द्वारा प्रवर्तनीय नहीं है।

**34. (d)**

लिखित संविधान एक संविधान निर्मात्री सभा द्वारा निर्मित होता है, वहीं अलिखित संविधान परम्पराओं सिद्धान्तों और आवश्यकताओं के अनुसार निर्मित किए जाते हैं। यूनाइटेड किंगडम (यू.के.) के पास अपना कोई लिखित संविधान नहीं है। यहाँ पहले से निर्मित कुछ नियम होते हैं जिनके द्वारा शासन किया जाता है। यू.के. के कानून को समय और परिस्थितियों के अनुसार बदला जाता है।

**35. (c)**

भारत में 73वाँ संविधान संशोधन अधिनियम वर्ष 1992 में संसद अधिनियम बना था। 73 वें संविधान संशोधन द्वारा संविधान में एक नया भाग 1X जोड़ा गया। इसे ''पंचायत'' के नाम से उल्लिखित किया गया जिसमें अनुच्छेद 243 से 243 (O) तक के प्रावधान सम्मिलित किये गये हैं।

**36. (c)**

आपातकाल की घोषणा जारी होने के एक माह के भीतर संसद के दोनों सदनों (लोकसभा तथा राज्यसभा) की कुल सदस्य संख्या के बहुमत तथा मतदान करने वाले सदस्यों के 2/3 बहुमत द्वारा पारित किया जाना आवश्यक है।

**37. (d)**

भारत में पंचायती राज व्यवस्था को लागू करने वाले प्रथम दो राज्य राजस्थान और आंध्र प्रदेश हैं। 2 अक्टूबर, 1959 को राजस्थान का नागौर जिला पंचायती राज व्यवस्था को लागू करने वाला स्वतंत्र भारत का प्रथम जिला था। 11 अक्टूबर 1959 को आंध्रप्रदेश में पंचायती राज व्यवस्था की शुरुआत की गयी।

**38. (b)**

भारत में न्यायिक पुनरीक्षण की शक्ति सर्वोच्च न्यायालय के साथ-साथ उच्च न्यायालय को भी प्राप्त है। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा संविधान तथा उसकी सर्वोच्चता की रक्षा न्यायिक पुनरीक्षण (न्यायिक पुनर्विलोकन-Judicial Review) के द्वारा की जाती है। न्यायिक पुनर्विलोकन/पुनरीक्षण की व्यवस्था भी संयुक्त राज्य अमेरिका (USA) के संविधान से ही लिया गया है।